

दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी




हमारे बारे में बहुत कुछ बताता है........ डिजिटल संवाद का पसंदीदा सिम्बल ........

वर्ष : 10 | अंक : 29 | लखनऊ, 08 जनवरी, सोमवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफ्टी 20,969.40

# सीएम योगी ने रैन बसेरों का किया दौरा

## जरूरतमंदों को कंबल और भोजन बांटा

**रैन बसेरों के निरीक्षण के उपरान्त पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण ठण्ड और शीतलहर से आमजनमानस के बचाव के लिए हर जनपद को पर्याप्त मात्रा में कम्बल खरीद व वितरण के लिए धनराशि जारी की गई है। ऊनी वस्त्र वितरित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर महानगर में रेलवे स्टेशन, कचहरी बस अड्डा और झूलेलाल मंदिर के रैनबसेरों का निरीक्षण किया और जरूरतमंदों को कंबल व भोजन वितरित किया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि दो दिवसीय दौरे पर अपने गृह नगर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में दिन भर कार्यक्रमों के बाद शनिवार रात तीन रैन बसेरों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर जरूरतमन्द को रैन बसेरों में अच्छी सुविधा दी जाए।

योगी ने कहा कि प्रशासन इस कार्य को प्राथमिकता पर करते हुए यह सुनिश्चित करे कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कम्बल का इंतजाम हो। साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। अगर किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है, तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। यहां जारी एक बयान में कहा गया कि योगी ने रैन बसेरे में ठहरे लोगों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से जरूरतमन्दों को कम्बल व भोजन का वितरण भी किया। इन रैनबसेरों में ग्वालियर, बलिया, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर, बस्ती, गाजीपुर के लोग रुके हुए थे। रैन बसेरों के बाहर जरूरतमन्द लोगों में कम्बल व भोजन वितरित करने के दौरान मुख्यमंत्री ने उनसे राशन कार्ड, आवास आदि योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कैम्प लगाकर हर जरूरतमन्द को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए रैन बसेरों के निरीक्षण के उपरान्त पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण ठण्ड और शीतलहर से आमजनमानस के बचाव के लिए हर जनपद को पर्याप्त मात्रा में कम्बल खरीद व वितरण के लिए धनराशि जारी की गई है। ऊनी वस्त्र वितरित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में अलाव की भी व्यवस्था की जा रही है।

योगी ने कहा कि भीषण ठण्ड से बचाव के मुकम्मल उपाय किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री के साथ ही एक विधायक होने के नाते भी वह रैन बसेरों और ठण्ड से बचाव के लिए किए गए उपायों की जानकारी लेने के लिए निरीक्षण पर निकले हैं। पूरे प्रदेश में एक अभियान के तहत जनप्रतिनिधि भी कम्बल और ऊनी वस्त्र वितरित कर रहे हैं। यह हमारी प्रतिबद्धता है और जिम्मेदारी भी है।

# लोकसभा चुनाव से पहले टीएमसी में शुरू हुई अंदरूनी कलह, संकट में फंसी पार्टी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। नए साल के पहले दिन ही तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी कलह देखने को मिली थी। इस कलह की आग अब तक पार्टी में भभक रही है। लोकसभा चुनावों से पहले ही पार्टी में ये संकट पैदा हुआ है, जो पार्टी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। हालांकि पार्टी ने किसी तरह के नाराजगी संगठन में होने की बात को नकार दिया है। तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा कि पार्टी में सभी सामान्य है और कोई कलह नहीं हो रही है। हालांकि राजनीतिक गुरुओं का कहना है कि इस वर्ष के पहले ही दिन जब तृणमूल कांग्रेस का 27वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा था, तब पार्टी में गुटबाजी ने नया मोड़ लेना शुरू किया था। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी पार्टी के लिए ये राजनीतिक परेशानी का सबब था। इससे पहले पर्यवेक्षकों ने बहु आयामी कलह को लेकर कहा कि ये कलह ऐसी समय में सामने आई है जब तृणमूल कांग्रेस के साथ राज्य सरकार के महत्वपूर्ण पदाधिकारी दबाव में है। सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों की जांच भी महत्वपूर्ण चरण में पहुंची है। राज्य में वित्तीय अनियमित्ताओं और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों पर केंद्रीय एजेंसियां भी लगातार जांच करने में जुटी हुई है। गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस में अंदरूनी कलह का होना काफी आम रहा है। हाल में हुई इस संगठन में कलह से साफ हुआ है कि पुराने नेताओं और नए चेहरों के बीच भी विभाजन की स्थिति बनी हुई है। टीएमसी के नेताओं के लिए चिंता का सबब है कि पार्टी के पुराने रक्षक और भविष्य के नए चेहरों के बीच ममता बनर्जी के पुराने वफादारों और दूसरी तरफ पार्टी के साथ गठबंधन करने वालों के साथ एक खराब झगड़े के रूप में देखा जा रहा है।

**संक्षिप्त समाचार**

## सूरत के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के जरिए दुनिया आएगी नजदीक

नयी दिल्ली। गुजरात का सूरत शहर ताप्ती नदी या तापी नदी के किनारे बसा है। सूरत शहर देश के औद्योगिक शहरों में महत्वपूर्ण है। देश का उद्योग सूरत शहर के जिक्र के बिना अधूरा है। मूल रूप से सूरत हीरे के निर्माण और कपड़े के लिए प्रसिद्ध है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई गति शक्ति योजना के अंतर्गत देश के हर राज्य में सड़क रेल और हवाई यातायात का प्रबल नेटवर्क तैयार किया गया है। विकास की इस कड़ी में सूरत बुलेट ट्रेन और मेट्रो रेल परियोजना के साथ तेज गति में आगे बढ़ रहा है। बीते नौ वर्षों की बात करें तो इस दौरान देश में हवाई अड्डा की संख्या में दोगुणा का इजाफा हुआ है। इस दौरान देश में 74 हवाई अड्डों से बढ़कर 149 हवाई अड्डे बनकर तैयार हुए है। देश में वार्षिक हवाई यात्राओं के लिए यात्रियों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। साथ ही भारतीय हवाई अड्डा की वार्षिक यात्रियों के वहन की क्षमता भी 19 करोड़ से अधिक होकर 46 करोड़ पर पहुंच चुकी है। वही सूरत में लगातार हवाई यात्रियों की संख्या में इजाफा भी देखने को मिल रहा है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारत सरकार ने 353 करोड़ रुपए की लागत से सूरत हवाई अड्डे का विस्तार और आधुनिकीकरण किया है। सूरत एयरपोर्ट के वर्तमान टर्मिनल में 17,046 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के विस्तारिकरण के बाद टर्मिनल भवन का कुल क्षेत्रफल अब बढ़कर कई गुणा अधिक हो गया है, जो अब 25,520 वर्गमीटर हो गया है। सूरत एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन यह पीक ऑवर्स के दौरान एक समय में प्रति घंटा 1800 यात्रियों की क्षमता को संभालने में सक्षम है। वहीं वार्षिक रूप से 35 लाख यात्री एयरपोर्ट आ सकते है। कई आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट टर्मिनल का विकास मॉडर्न टेक्नोलॉजी के साथ किया गया है। टर्मिनल में यात्री सेवाओं को बढ़ाने के लिए जिससे प्रति घंटा यात्रियों की संख्या 3000 और वार्षिक यात्री सेवा क्षमता 55 लाख तक पहुंच सकती है।

# सुरक्षित और सशक्त राष्ट्र का निर्माण ही, हमारा लक्ष्य रहा है : जेवर विधायक

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने ग्राम कनारसी में स्थित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹आज देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। इसलिए हम सभी को भी अब पुरानी सोच से उबरना होगा, प्रत्येक माता-पिता को बेटियों को सिर्फ शिक्षा ही नहीं, वक्त के हिसाब से तकनीकी शिक्षा भी देनी होगी। यह मानकर चलना होगा कि लड़के लड़कियां बराबर है। जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने उपरोक्त गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रही बच्चियों से संवाद किया और उनके संस्मरण जाने। ग्राम कनारसी की आंचल पुत्री सतीश, क्षमा पुत्री सुनील, खुशबू पुत्री अशोक और मनीषा पुत्री ज्ञानी ने अपने विधायक से संवाद करते हुए कहा कि ₹हम शिक्षक, डॉक्टर और वकालत के माध्यम से, देश और प्रदेश की सेवा करना चाहती हैं। हम पहले पढ़ेंगे फिर अपनी काबिलियत के आधार पर नौकरी प्राप्त करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी हम जैसी अनेकों लड़कियों को आगे बढ़ा रहे हैं और विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# दिल्ली में गिरते तापमान के बीच स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान

**नर्सरी से 5वीं तक के छात्रों को राहत**

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली लगातार कड़ाके की सर्दी से जूझ रही है। सर्दी के सितम के बीच कोहरे ने भी दिल्लीवालों की परेशानी बढ़ाई हुई है। इसी बीच दिल्ली में जबरदस्त ठंड की स्थिति को देखते हुए नर्सरी से कक्षा पांच तक के छात्रों के लिए आगामी पांच दिनों तक स्कूल बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक दिल्ली में 12 जनवरी तक स्कूल बंद रहने वाले है। ये आदेश जारी किए जाने की जानकारी दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मालेर्ना ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी है। बता दें कि दिल्ली सरकार ने इससे पहले भी स्कूलों के लिए छुट्टियों की घोषणा की थी, जिसके बाद सोमवार यानी आठ जनवरी से ही स्कूल खुलने वाले थे। मगर अब सरकार ने फिर आदेश जारी कर स्कूलों की छुट्टियों को 12 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पहले, रविवार सात जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूल सोमवार को फिर से शुरू होने वाले थे। आतिशी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ठंड के मौजूदा प्रकोप के कारण दिल्ली में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए स्कूल अगले पांच दिन तक बंद रहेंगे। दिल्ली इस समय शीतलहर की चपेट में है और भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अगले कुछ दिनों में घने कोहरे, हल्की बारिश और तापमान में गिरावट का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इन दिनों ठिठुरने वाली सर्दी पड़ रही है। तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है जिस कारण लोग ठंड में कंपकंपाने को मजबूर हो गए है। लोगों को अलाव, हीटर आदि का उपयोग कर ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी में सर्दी के साथ ही कोहरे की मार भी पड़ रही है।

कोहरे के कारण ट्रेन, सड़क और हवाई यातायात पर असर देखने को मिला है। राष्ट्रीय राजधानी और विभिन्न राज्यों में मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण रविवार को दिल्ली आने वाली 22 ट्रेन देरी से चलीं। इस दौरान न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 79 फीसदी दर्ज किया गया।

# 46 में 56 की गिनती गिनते हैं, बेरोजगारी को लेकर अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर खड़े किए सवाल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जब से बीजेपी की 2014 की सरकार आई है, सबसे ज्यादा हमारे जवान शहीद हुए हैं. 1 लाख किसानों ने आत्महत्या की है, न जाने कितने बड़े पैमाने पर भारत छोड़कर उद्योगपति चले गए हैं. वहीं सपा मुखिया ने कहा जो जवान शहीद हुए हैं उनके यहाँ सरकार की तरफ से मिलने कोई नहीं जा रहा है.

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा हमारे मुख्यमंत्री 46 में 56 की गिनती गिनते हैं. उनसे पूछिए कि जो निवेश आना था 40 लाख करोड़ का इसमें कितना निवेश जमीन पर पहुंचा है और अगर निवेश जमीन पर पहुंचा है तो कितने नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिला है ?₹ अखिलेश यादव ने कहा कि आज गुजरात के लोग भी देश छोड़ कर जा रहे हैं क्या हम मान ले यही उनका गुजरात मॉडल था. जो बैंको का पैसा लेकर गए हैं वह एक ही प्रदेश के सबसे ज्यादा हैं और सही मायनों में कहें तो नोटबंदी भी उन्हीं के कारण हुई है लेकिन नोटबंदी से ना तो कालाधन आया और न ही जनता को



फायदा हुआ. सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा पहले उत्तर प्रदेश में 200 करोड़ का कालाधन पकड़ा गया लेकिन उत्तर प्रदेश का रिकॉर्ड झारखण्ड ने तोडा वहाँ तो 400 करोड़ का कालाधन पकड़ा गया सही कहें तो बीजेपी की नोटबंदी गलत साबित हुई है. बीजेपी वाले विकसित भारत का नारा दे रहे हैं लेकिन बिना ढ्ऊअ के हमारा देश विकसित नहीं हो सकता हमारी आबादी ज्यादा है हमें साथ लिए बिना देश विकसित नहीं हो सकता.

> **समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि हमारा गठबंधन होने जा रहा है बीजेपी से मुकाबला हमारा गठबंधन करेगा. बीजेपी कभी धर्म के पीछे और कभी भगवान के पीछे छुप जाती है.**

# विद्या गुप्ता के कहानी संग्रह 'मैं हस्ताक्षर हूं' का लोकार्पण समारोह संपन्न

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

दुर्ग । भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रो.संजय द्विवेदी का कहना है कि ₹छत्तीसगढ़ कथा सृजन के लिए सबसे उर्वर प्रदेश है, क्योंकि जैसी विविधता और लोक अनुभव यहां मिलेंगे वह अन्यत्र दुर्लभ हैं।₹ वे आज यहां कथाकार श्रीमती विद्या गुप्ता के कथा संग्रह 'मैं हस्ताक्षर हूं' के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने की। आयोजन में कथाकार सतीश जायसवाल, परदेशी राम वर्मा, विनोद साव, आलोचक डा.सियाराम शर्मा, गुलवीर सिंह भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रो.द्विवेदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पं. माधवराव सप्रे द्वारा लिखित 'एक टोकरी भर मिट्टी' हिंदी की पहली कहानी है। इस तरह छत्तीसगढ़ हिंदी कहानी की पुण्यभूमि भी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ग्रामीण जीवन भी है, वन्य जीवन भी है तो नागरबोध भी है। यहां के लोकजीवन और लोक-संस्कृति में किस्से भरे पड़े हैं। यहां की प्रदर्शन कलाएं, संगीत और लोकनाट्य में भी कथाएं अभिव्यक्त होती हैं। उन्होंने कहा कि माधवराव सप्रे, पदुमलाल पन्नालाल बख्शी से लेकर आधुनिक दौर में भी शानी, विनोद कुमार शुक्ल, मेहरून्निशा परवेज, जया जादवानी जैसे अनेक कथाकारों ने छत्तीसगढ़ के कथा साहित्य को समृद्ध किया है।

**समितियां** — राजस्थान-एमपी समेत आठ राज्यों के लिए हुई चुनाव समितियां गठित

# लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी की तैयारी शुरू

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश और कुछ पूर्वी राज्यों सहित कई राज्यों के लिए शनिवार को चुनाव समितियां तथा मध्य प्रदेश के लिए राजनीतिक मामलों की समिति का गठन किया। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया, कांग्रेस अध्यक्ष ने राजस्थान, केरल, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और त्रिपुरा की प्रदेश चुनाव समितियों और मध्य प्रदेश की प्रदेश चुनाव समिति एवं राजनीतिक मामलों की समिति के गठन के प्रस्ताव को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दी है। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा को राज्य में प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री सचिन पायलट तथा जितेंद्र




सिंह समिति के सदस्य हैं। इनके अलावा महेंद्रजीत सिंह मालवीय, मोहन प्रकाश, सी पी जोशी, हरीश चौधरी, रामलाल जाट, प्रमोद जैन भाया, प्रताप सिंह खाचरियावास, ममता भूपेश, भजन लाल जाटव, मुरारी लाल मीणा, अशोक चांदना, नीरज डांगी, जुबैर खान, धीरज गुर्जर, राजकुमार शर्मा, रोहित बोहरा, इंद्रा मीणा, डूंगर राम गेदार, शिमला देवी नायक और ललित यादव इस समिति में शामिल हैं। उनके अलावा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष, एनएसयूआई अध्यक्ष, सेवा दल के मुख्य आयोजक और प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष समिति की सदस्य हैं। के. सुधाकर को केरल के लिए प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केरल समिति में ए के एंटनी, के सी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला, वायलार रवि, वी डी सतीशन, के सुरेश, शशि थरूर और मुल्लापल्ली रामचंद्रन जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को राज्य की प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष घोषित किया गया है। समिति में उपमुख्यमंत्री बी वी मल्लू, उत्तम कुमार रेड्डी और वी हनुमंत राव शामिल हैं। हिमाचल प्रदेश में पार्टी प्रमुख प्रतिभा सिंह को प्रदेश चुनाव समिति का अध्यक्ष बनाया गया और इसमें सदस्यों के तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और आनंद शर्मा, विप्लव ठाकुर, आशा कुमारी, राम लाल ठाकुर, ठाकुर कौल सिंह, धनीराम शांडिल्य और चंदर कुमार सहित अन्य को शामिल किया गया है। जीतू पटवारी मध्य प्रदेश के लिए प्रदेश चुनाव समिति के प्रमुख होंगे और इसमें दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ सदस्य होंगे।

> ***जीतू पटवारी मध्य प्रदेश के लिए प्रदेश चुनाव समिति के प्रमुख होंगे और इसमें दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया और पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ सदस्य होंगे। पार्टी ने मध्य प्रदेश के लिए राजनीतिक मामलों की समिति भी गठित की है, जिसके अध्यक्ष जितेंद्र सिंह होंगे।***

# एकनाथ शिंदे पर उद्धव ठाकरे ने कसा तंज, बोले अपने सपनों में देखते हैं मुझे

*ठाकरे ने कहा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे जिले के उल्हासनगर में कुछ राजनीतिक कार्यकताओं के फिर से शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होने का जिक्र करते हुए, ठाकरे ने कहा कि आगे भी लड़ाई जारी रहेगी लेकिन वफादार लोगों के एक साथ रहने से इसे जीता जा सकता है।*

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



मुंबई । शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न चुराए जाने के बावजूद उनके आलोचक उन्हें अपने सपनों में देखते हैं और वे जानते हैं कि महाराष्ट्र की जनता उनके साथ है। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकरे बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री में समर्थकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, मेरी पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न चुराए जाने के बावजूद, आलोचक मुझे अपने सपनों में देखते हैं। वे जानते हैं कि उद्धव ठाकरे अकेला नहीं है, पूरा महाराष्ट्र उसके साथ है। ठाकरे ने कहा, प्यार और स्नेह बिक्री के लिए नहीं हैं। इन भावनाओं को खरीदा नहीं जा सकता। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे जिले के उल्हासनगर में कुछ राजनीतिक कार्यकताओं के फिर से शिवसेना (यूबीटी) में शामिल होने का जिक्र करते हुए, ठाकरे ने कहा कि आगे भी लड़ाई जारी रहेगी लेकिन वफादार लोगों के एक साथ रहने से इसे जीता जा सकता है। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर के उद्घाटन के बारे में ठाकरे ने कहा कि उस दिन वह नासिक के कालाराम मंदिर में पूजा करेंगे और गोदावरी नदी के तट पर महा आरती करेंगे। शिंदे और कई विधायकों की बगावत के बाद जून, 2022 में शिवसेना विभाजित हो गई थी और राज्य में सत्तारूढ़ ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई थी। निर्वाचन आयोग द्वारा शिंदे के संगठन को शिवसेना नाम और चुनाव चिह्न तीर धनुष दिया गया था।

## संक्षेप

### प्लाट के नाम पर ठगी,मुकदमा दर्ज

लखनऊ।मोहनलालगंज के सिसेंडी गांव निवासी रिजवान खान ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया वो अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है मोहनलालगंज में सिसेंडी-मौरांवा रोड के किनारे स्थित एक प्लाट का नूर मोहम्मद से 15लाख रुपए में सौदा किया था,जिसके बाद नूरमोहम्मद के खाते में 2लाख 90हजार रुपये ट्रांसफर कर दिये थे,जिसके बाद भी नूर मोहम्मद ने उक्त प्लाट की रजिस्ट्री करने को तैयार नही हुआ ओर अपने द्वारा प्लाट बेचने के सौदे से मुकर गया,वही बयाने के तौर पर दिये गये पैसे भी वापस नही कर रहा है ओर गाली-गालौज कर मारने पीटने की धमकी भी देता है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की शिकायत पर जालसाज के विरूद्व धोखाधड़ी समेत पैसे हड़पने की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

बंथरा।थाना क्षेत्र के अंतर्गत में रहीम नगर पड़ियाना गांव निवासी युवक शिव कुमार ने शनिवार की रात पंखे के हुक से साड़ी के सहारे लटककर जान दे दी। हरौनी चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए विधिक कार्रवाई में जुट गई। शिव कुमार पुत्र राम किशोर उम्र 22 वर्ष मजदूरी करके अपना भरण पोषण करता था। ग्रामीणों के अनुसार वह अक्सर नशे की हालत में रहता था। शनिवार की शाम वह मजदूरी करके घर नशे की हालात में लौटा था।रात को खाना खाने के बाद उसने अपने को कमरे में बंद कर लिया। उसके बाद साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक के सहारे लटककर जान दे दी। सुबह काफी देर तक कमरा न खुलने से कमरा खोलवाने पहुंचे घर वालों को अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला तो अनहोनी की शंका हुई। इसके बाद दरवाजा तोड़ दिया गया तो रामकिशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला और घर का माहौल गमगीन हो गया। पारिवारिक जनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भारतीय संस्कृतिक लोकोत्सव एवं कायार्शाला की गई आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर लखनऊ।भोजपुरी अवधी झंकार सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति द्वारा रविवार को कानपुर रोड के साक्षरता निकेतन स्थित कबीर थिएटर में भारतीय संस्कृतिक लोकोत्सव एवं कायार्शाला आयोजित की गई।विलुप्त हो रही लोक संस्कृति एवं लोक कला के संरक्षण, संवर्धन, उत्थान व उन्हें सम्मान दिलाने के लिए आयोजित कायार्शाला में लोक कलाप्रेमी, बुद्धिजीवियों एवं साहित्यकारों द्वारा चर्चा की गई। इस दौरान भोजपुरी अवधी झंकार सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति के अध्यक्ष डा. लालजी मौर्या द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी एवं प्रादेशिक लोक संचार ब्यूरो के अपर महानिदेशक जय सिंह ने कहा कि लोक संस्कृतिक कलाएं विलुप्त हो रही हैं। इन लोक कलाओं को बचाने के लिए बुद्धिजीवी और कलाकारों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के बच्चों को सांस्कृतिक लोक कलाओं के लिए प्रेरित करने के साथ ही सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जाना है।इस मौके पर कलाकारों द्वारा भोजपुरी लोक गीतों के साथ-साथ लोक नृत्य व कथक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में नेहा मौर्या ने गणेश वन्दना, शालिनी ने कथक नृत्य और राजू व सोनी ने मयूर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। इस मौके पर मुख्य अतिथि जय सिंह द्वारा कलाकार नेहा मौर्या, राजू, सोनी, शालिनी, राम आसरे चौरसिया आदि को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले समिति के अध्यक्ष डा. लालजी मौर्या द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया।

भोजपुरी अवधी झंकार सांस्कृतिक एवं सामाजिक समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के वरिष्ठ आईआईएस अधिकारी जय सिंह ने प्रेस क्लब सरोजनीनगर के पत्रकारों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने विलुप्त हो रही लोक कलाओं को अखबारों व चैनल के माध्यम से उन्हें बचाने की पत्रकारों से अपील भी की। जय सिंह ने इस मौके पर प्रेस क्लब सरोजनीनगर के अध्यक्ष राज किशोर पासी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पांडेय, उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, महामंत्री राकेश यादव, कोषाध्यक्ष मो. आसिफ खान, मीडिया प्रभारी पवन तिवारी, संगठन मंत्री मुकेश रावत, सह सचिव मिथलेश कुमार, सह संगठन मंत्री रामबाबू सोनी, सदस्य सुरेंद्र कुमार यादव, इंद्रेश यादव, इदरीश खान, राहुल तिवारी, विनय मिश्रा, अर्जुन यादव, रेहान खान और एके दुबे को फूल माला पहनाने के साथ ही शॉल व डायरी भेंट कर सम्मानित किया।

# हिंदू जागरण मंच ने धूमधाम से निकाली अक्षत कलश यात्रा

अमन लेखनी समाचार



बंथरा।श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा क्षेत्र में हिंदू जागरण मंच द्वारा बड़े धूमधाम से निकाली गई।जिसमें सभी भक्तगण एवं क्षेत्रवासी जन अधिक से अधिक संख्या में अपने वाहनों के साथ सम्मिलित हुए।शिव मंदिर लोनहा से पूजित कर कलश यात्रा जय सियाराम के नारों के साथ प्रारम्भ हुई और लोनहा, गढ़रियनखेड़ा, रूघखेड़ा (लोधनखेड़ा),पालखेड़ा, पिपरसंड, गुलालखेड़ा,चकौली,बेहटा,दुलारगंज, पलेहदा, खुरूमपुर,अंदपुर उमराव, हुलिखेड़ा तक करीब 15 किलोमीटर की रही।सिंह देवी माता मंदिर पर भव्य आरती की गई और प्रसाद वितरण के उपरांत यात्रा का समापन हुआ।यात्रा में हिन्दू जागरण मंच जिला संयोजक सूर्यभान शाण्डिल्य,जिला प्रचार प्रमुख संतोष सिंह चौहान, जिला युवा प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, जिला कार्यालय प्रमुख शिवानंद धीमान, जिला आर्थिक प्रमुख सुरेश कनौजिया, मुन्ना प्रधान,मातृशक्ति विश्व हिन्दू परिषद घरेलू उत्पाद संयोजिका पूजा चौहान, मण्डल उपाध्यक्ष खुशहालगंज दलबहादुर सिंह, सेक्टर संयोजक दुर्गेश सिंह, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष ब्रजभान विश्वकर्मा, मनोज भदौरिया,बूथ अध्यक्ष अरुण सिंह ,प्रभाकर खण्ड कार्यवाह, अंकित सिंह सह खण्ड कार्यवाह, अविरल जी,नागेन्द्र जी संपर्क प्रमुख,रामलखन लोधी ,ओमप्रकाश सिंह कल्लू,जोगिंदर, अमन सिंह, गोपी रानू,राज कनौजिया, दिनेश गौतम, आशीष,कृष्ण पाल प्रजापति,राजू,मालती, सहित सैकड़ों की संख्या में संगठन पदाधिकारी/कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हिमांशु हत्याकांड में महिला समेत पांच नामजद, मुकदमा दर्ज

### गोमती नदी में उतराता मिला था हिमांशू का शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बीते शनिवार को नदी में मिले हिमांशूं (26) के शव के मामले में परिजनों द्वारा मिली तहरीर पर पुलिस ने महिला समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।माल थाना क्षेत्र के गागन निवासी मृतक हिमांशु की पत्नी खुश्बू ने बताया कि उसका पति शुक्रवार को सामान खरीदने की बात कह कर घर से निकला था। देर शाम जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजनों ने इधर उधर काफी ढूंढा पर उसका कुछ पता न चल सका, जिसके बाद परिजनों ने शनिवार को माल थाने पर जानकारी दी जिसके बाद माल पुलिस ने बीकेटी थाना क्षेत्र में मंझी घाट पुल के गोमती नदी में उताराते मिले शव का फोटो दिखाया तो परिजनों ने शव की शिनाख्त अपने पुत्र हिमांशु के रूप में की और मृतक की पत्नी ने यह भी बताया की गांव के सर्वेश, रामलाल ने बताया कि शुक्रवार की शाम क्षेत्र के रामपुर निवासी बीरपाल,अंजनी,तथा बलराम कस्बा स्थित शराब ठेके के पास अपनी बोलेरो में हिमांशू को बैठाकर शराब पिला रहे थे।मृतक की पत्नी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप है कि पति हिमांशू के चचेरे भाई सर्वेश की पत्नी रामकुमारी से बलराम तथा अंजनी के अवैध सम्बन्ध थे।जिसका हिमांशू विरोध किया करते थे। अवैध सम्बन्धों में बाधा बने हिमांशू को सर्वेश की पत्नी राजकुमारी ने बीरपाल,अंजनी,बलराम तथा दीपक उर्फ शेरा के साथ साजिश रच कर हत्या करवा दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला सहित पांच लोगों के विरुद्ध साजिश रच कर हत्या करने तथा शव छुपाने तथा दलित उत्पीड़न की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया है।इस संबध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मिली तहरीर पर पांच नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# केन्द्रीय राज्यमंत्री व विधायक ने गरीबो व दिव्यांगो को बांटे कम्बल

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।मोहनलालगंज तहसील प्रशासन द्वारा रविवार को सत्य शिव रिसार्ट में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर व विशिष्ट अतिथि विधायक अमरेश कुमार रावत ने केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित की गई योजनाओं की जानकारी देते हुए 600 के करीब गरीबों व दिव्यांगों को कंबल बांटे। कंबल पाकर लोगों के चेहरे खुशी से खिल गये।मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने अपने सम्बोधन मे कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों के कल्याण के लिए जीजान से काम रहे हैं. सामंती सोच वाले राजनीतिक दलों को यह हजम नहीं हो रहा है कि गरीब और पिछड़े परिवार के एक बेटे मोदी ने प्रधानमंत्री बनकर निःस्वार्थ भाव से किसान, गरीब, नौजवान, दलित, पिछड़े और महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने में अपना जीवन समर्पित कर दिया है. उन्होंने कहा, ये दल मोदी का विरोध कर गरीबों और देश की जनता का विरोध कर रहे हैं.देश के हर वर्ग के लोगो को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।ये बात भी विपक्ष को हजम नही हो रही.वही पाकिस्तान के लोग भी कहने लगे है कि भारत के मोदी जैसा काम करने वाला नेता पाकिस्तान में भी चाहिए। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने सभी से अपील करते हुये 22जनवरी को जब अयोध्या में प्रभु राम भव्य मंदिर में विराजमान हो तो अपने-अपने घरो में भी आप सभी श्री राम ज्योति जलाएं,दीपावली मनाएं।उन्होने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो से शराब,गुटखा,सिगरेट समेत सभी नशो को छोड़ने की अपील भी की।एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य व तहसीलदार आनन्द तिवारी ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेटकर स्वागत किया।इस मौके पर एसीपी राधा रमण सिंह,नायाब तहसीलदार भानु त्रिपाठी,अनुपम वर्मा,भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी,भाजपा नेता सर्वेश पांडे,प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,निगोहां प्रधान अभय दीक्षित, मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह,मंडल अध्यक्ष दीपू बाजपेयी,महामंत्री अजंनी शुक्ला,सासंद प्रतिनिधि सतीश शुक्ला,प्रधान विकास वर्मा,सभासद हिमांशु तिवारी,शिव नारायण बाजपेयी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# ताला तोड़कर बैखोफ चोरो ने नगदी व सामान उड़ाया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बा निवासी चन्दन कुमार गुप्ता ने बताया उनकी गनपत ट्रेडर्स के नाम से हार्डवेयर के सामान की सिसेंडी गांव के बाईपास पर दुकान है,बीते शनिवार की रात वो दुकान बंद कर घर चले आये,देर रात बैखोफ चोरो ने दुकान के शटर के बगल लगा लोहे के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसकर दुकान के काउंटर का लांक तोड़कर उसमें रखी 15हजार रुपए की नगदी समेत 50हजार रुपए कीमत का हार्डवेयर का सामान चुरा ले गयें।रविवार की सुबह पड़ोसियो ने गेट का ताला टूटा देखा तो उन्हे चोरी की सूचना दी।जिसके बाद उन्हो ?ने मौके पर पहुंचकर सिसेंडी चौकी पुलिस को दुकान में चोरी होने की जानकारी दी।जिसके बाद चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।पीड़ित दुकानदार चन्दन गुप्ता ने बताया पुलिस से लिखित शिकायत कर बैखोफ अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया शिकायत मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### संदिग्ध अवस्था में बुजुर्ग लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर इलाके से करीब 6 दिन पहले एक बुजुर्ग संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस गुमशुदगी की दर्ज कर उसका पता लगा रही है।सरोजनीनगर के शिवपुरी कॉलोनी, हाइडिल निवासी मीना यादव के मुताबिक उसके पिता वासुदेव प्रसाद यादव (67) बीती 2 जनवरी को अपराह्न करीब 2 बजे संदीप परिस्थितियों में घर से लापता हो गए। काफी खोजबीन के बाद मीना ने सरोजनीनगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।मीना का कहना है कि उसके पिता वासुदेव की मानसिक स्थिति काफी दिनों से ठीक नहीं है।फिलहाल पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर वासुदेव का पता लगा रही है।

# सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में सपा द्वारा सभी बूथों की समीक्षा की गई

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। सपा ने रविवार को सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बेंती ग्राम पंचायत स्थित कल्लन खेड़ा, तारा खेड़ा, नरेरा, बेंती, रानीखेड़ा और कटी बगिया के सभी बूथों की समीक्षा की। यह समीक्षा सपा प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी ज्ञान सिंह के नेतृत्व में की गई।समीक्षा में पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू (पीडीए यात्री) और जोन प्रभारी बेचा लाल यादव ने विशेष सहयोग किया। इस दौरान चौधरी ज्ञान सिंह ने मौजूद ग्रामीणों से कहा कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यदि एनडीए को हराना है, तो पीडीए को एकत्रित होकर गठबंधन के प्रत्याशी को 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि अगड़ों में भी उदार व्यक्तित्व के लोग समाजवादी पार्टी के साथ में हैं। जिसमें जनेश्वर मिश्र जैसे महान व्यक्तित्व वाले लोग छोटे लोहिया के नाम से जाने जाते हैं। ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू ने कहा कि जो लोग अखिलेश यादव के पीडीए आंदोलन का विरोध कर रहे हैं, वह कभी समाजवादी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि हमें मानवतावाद, अंबेडकरवाद और लोहियावाद के रास्ते पर चलना चाहिए। तभी संविधान से हमारे अधिकारों की रक्षा हो सकती है। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा को 2024 में हराकर अपने संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर रविकांत, इंसान मोहम्मद, गंगाराम रावत, रामदेव यादव, पूरन, नीरज राजपूत और अजय यादव सहित तमाम अन्य लोग मौजूद रहे।

# आज के युग में प्रति व्यक्ति को शिक्षित होना बेहद आवश्यक है : अध्यक्ष राजकिशोर पासी

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर लखनऊ। आज के युग में प्रति व्यक्ति को शिक्षित होना बेहद आवश्यक है। क्योंकि बिना शिक्षा के जीवन गुजर बसर करना बहुत मुश्किल हो गया है। इसलिए परिवार के प्रति सदस्य को शिक्षित करना होगा। तभी वह सामाजिक जीवन व्यतीत कर सकता है।यह बात प्रेस क्लब सरोजनीनगर के अध्यक्ष राजकिशोर पासी ने कही।वह रविवार को सरोजनीनगर में स्कूटर इंडिया चौराहे के पास देवलोक कॉलोनी स्थित प्रेस क्लब सरोजनीनगर कार्यालय में आयोजित संगठन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना शिक्षा के मानव अधूरा है और वह सामाजिक अच्छाइयों व बुराइयों को नहीं समझ सकता। इसलिए सभी को चाहिए कि वह परिवार के प्रति व्यक्ति को शिक्षा अवश्य दिलाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन पांडेय ने कहा कि लोगों को शिक्षित होकर सामाजिक भी बनना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामाजिक व्यक्ति बनकर एक दूसरे की मदद जरूर करनी चाहिए। बैठक में महामंत्री राकेश यादव ने कहा कि मनुष्य को शिक्षित होने के साथ-साथ सामाजिक व्यक्ति के कर्तव्य निभाना चाहिए। तभी प्रगति के पथ पर बढ़ा जा सकता है। बैठक को उपाध्यक्ष प्रदीप यादव, कोषाध्यक्ष मो. आसिफ खान व मीडिया प्रभारी पवन तिवारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पत्रकार लल्लन सिंह ने संगठन में नए सदस्य के रूप में सदस्यता ली। कार्यक्रम में संगठन के सचिव अनवर कुरेशी, संगठन मंत्री मुकेश रावत, सह सचिव मिथलेश कुमार, सह संगठन मंत्री रामबाबू सोनी, सदस्य सुरेंद्र कुमार यादव, इंद्रेश यादव, इदरीश खान, राहुल तिवारी, विनय मिश्रा, अर्जुन यादव, रेहान खान और एके दुबे आदि पत्रकार भी मौजूद रहे। वहीं बैठक के दौरान केक काटकर संगठन मंत्री मुकेश रावत का जन्मदिन भी काफी धूमधाम से मनाया गया।

# क्षत्रिय समाज का इतिहास हमेशा गौरवशाली व समाज के सभी की रक्षा करने का रहा है

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर लखनऊ। क्षत्रिय समाज का इतिहास हमेशा गौरवशाली व समाज के सभी तबकों की रक्षा करने का रहा है।इसलिए हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि इस परंपरा को कायम रखें। यह विचार अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति कुमार सिंह ने रविवार को संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक व मनोनय पत्र वितरण समारोह में व्यक्त किए। सरोजनीनगर में कानपुर रोड, बाग नंबर-3 स्थित संगठन के केंद्रीय कार्यालय पर हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीति कुमार सिंह ने कहा कि समाज के युवाओं की अहम जिम्मेदारी है कि वह समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर शिक्षित व संस्कारी बनें।इस मौके पर कर्नल( रिटा.) नलिनेश कुमार सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, राजेश सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, धर्मेन्द्र प्रताप सिह राष्ट्रीय सचिव, कैप्टन महेंद्र सिंह राजावत राष्ट्रीय सचिव संगठन व राहुल सिंह प्रिंस, ब्रजेश प्रताप नरायन सिंह, शेखर सिंह प्रदेश महामंत्री तथा आरती सिंह विशेन प्रदेश संगठन मंत्री, राजेश्वर सिंह प्रदेश सचिव मनोनीत किए गए। इसके अलावा अभिषेक शाही को प्रदेश महामंत्री एनजीओ प्रकोष्ठ, मुकेश सिंह चौहान लखनऊ मंडल अध्यक्ष, सत्यानंद सिंह मंडल अध्यक्ष बस्ती, अजय सिंह जिला अध्यक्ष उन्नाव धनंजय सिंह जिला अध्यक्ष रायबरेली बने।इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एसके सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री वीरेन्द्र कुमार सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुंवर विनोद सिंह, राष्ट्रीय प्रमुख प्रचारक राधा मोहन सिंह व प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह, किरन सिंह, जिला कोषाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, मान सिंह व राजवीर सिंह सहित क्षत्रिय समाज के कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# आवासीय भूमि के मुकद्मो में नामान्तरण आदेश ना पारित करने का लगा आरोप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।मोहनलालगंज तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश तिवारी समेत दर्जनो अधिवक्ताओ ने शनिवार को जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से लिखित शिकायत करते हुये बताया तहसीलदार,तहसीलदार न्यायिक समेत सभी नायाब तहसीलदारो के न्यायालयों में धारा-80 के तहत आवासीय घोषित भूमि के खारिज दाखिल के काफी मुकदमें लम्बिंत पड़े है.आवासीय घोषित भूमि के खारिज दाखिल के लम्बित मुकदमो में नामान्तरण आदेश पारित नही किया जाता है ओर यदि पारित किया जाता है तो उसके बदले अधिवक्ताओ व वादकारियों से तीस हजार से लेकर एक लाख तक की मोटी रकम वसूलने के बाद उक्त वादो में नामान्तरण आदेश पारित किया जाता हैं।पूर्व उपाध्यक्ष उमेश तिवारी ने डीएम से कहा जब राजस्व संहिता 2006 द्वारा धारा-83 में व्यवस्था की गयी है कि धारा-80 के अधीन घोषणा के बाद भी अन्तरण या उत्तराधिकार के आधार पर विहित रीति से नामान्तरण आदेश पारित किया जायेगा इसके बावजूद भी उक्त न्यायालयो द्वारा आदेश पारित नही किये जाते हैं ओर मोटी रकम लेने के बाद वही आदेश कर दिये जाते है।डीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य को अधिवक्ताओ से वार्ता कर राजस्व संहिता कर प्रावधानो के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दियें।

# मुकेश सिंह चौहान बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लखनऊ मंडल के अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारी की बैठक में मुकेश सिंह चौहान को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा लखनऊ मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । ग्राम नारायणपुर लखनऊ निवासी मुकेश सिंह चौहान को लखनऊ मंडल का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए प्रदेश संयोजक राजकुमार सिंह ने अपेक्षा की है कि श्री चौहान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा को लखनऊ मंडल में तन मन धन से सहयोग करके मजबूती प्रदान करेंगे तथा संगठन को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे । श्री मुकेश सिंह चौहान के मनोनयन से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है और उनके मनोनयन पर क्षेत्र वासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं ।

### मासूम बच्ची की पिटाई कर हाथ तोड़ा,मुकदमा दर्ज

लखनऊ।मोहनलालगंज के भावाखेड़ा गांव निवासी काजल ने बताया 24दिसम्बर की शाम पांच बजे के करीब मासूम बेटी आरूषि घर के बाहर खेल रही थी तभी पड़ोसी पिंटू,टिकूं ने अपनी मां रजाना व बहन राखी के साथ मिलकर मासूम बेटी की लात घूसो से बुरी तरह पिटाई कर उसका हाथ तोड़कर घायल कर दिया।मासूम बेटी की चीख-पुकार सुनकर जब वो बचाने दौड़ी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के विरूद्व मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि इस मामले में बीते बुधवार को 15 वर्षीय किशोरी को आरोपी अयान अंसारी डिलीवरी बॉय निवासी नई बस्ती धनेवा घर के बाहर से मारुति जैन कार से बहला फुसलाकर बिठाकर अपने साथ भाग ले गया था। जिस पर किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। उन्होंने बताया की मामले की गहनता से जांच करने के बाद आरोपी को रविवार को मलिहाबाद थाना क्षेत्र के अमानीगंज से किशोरी को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। किशोरी की मेडिकल जांच के बाद दुष्कर्म पक्सों एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं।

## संक्षेप

### बहला फुसलाकर युवक ले गया बेटी, मां ने दी तहरीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने हरदोई जनपद के कासिमपुर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक पर अपनी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने रविवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 3 जनवरी को हरदोई जनपद निवासी युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब परिवार के सभी सदस्य ढूढने का प्रयास किया। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बेटी हरदोई जनपद निवासी युवक के साथ गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आवारा मवेशी से टकराया बाइक सवार युवक घायल हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोइलिया खेड़ा के समीप आवारा मवेशी मवेशी से बाइक सवार युवक टकराकर घायल हो गया जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर मौजूद डॉ ने गंभीर हालत देखते उसे जिला अस्पताल भेज दिया प थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोइलिया खेड़ा के समीप आवारा मवेशी से बाइक सवार अजय पुत्र रणविजय भक्ता खेड़ा थाना औरास जो की अपने मामा के यहां से वापस अपने घर आ रहा था हादसे की सूचना पर राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में भर्ती कराया जहां स्थिति नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### ससुरालीजनों पर महिला ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने महिला के साथ मारपीट कर प्रताड़ना देना शुरू कर दिया पीड़ित महिला ने पति समेत सास देवरानी नंद व देवर पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम सगवर निवासी नेहा देवी पुत्री स्वर्गीय राम आसरे ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में बताया कि 31 /11सन 2000 को मेरी मां ने सदर कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर निवासी अमित कुमार पुत्र शिव मंगल के साथ हिंदू रीति रिवाज से किया था जिसमे मेरी मां ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज भी दिया था कुछ दिन बाद पति अमित सास समेत मेरे साथ मार पीट करने लगे और कहने लगे की अपनी मां से दो लाख रुपिया और बाइक लेकर आयो अगर नही दिया तो जान से मार देगे पुलिस ने पति अमित देवर सुमित सास लक्ष्मी देवी देवरानी पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# तीन दिवसीय आजाद मेले में पहुंचे पूर्व डिप्टी सी एम व विधान सभा अध्यक्ष

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की 118वीं जयंती के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय बदरका मेले में अध्यक्ष विधानसभा उत्तर प्रदेश सतीश महाना सदस्य विधान परिषद व पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा एवं सांसद राज्य सभा, निवर्तमान कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश डॉ0 अशोक बाजपेयी द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अध्यक्ष विधानसभा द्वारा आजाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नवनिर्मित आजाद स्मारक/पुस्तकालय भवन का फीता काटकर लोकार्पण/शुभारम्भ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम आल्हा गायन, बच्चों के देशभक्ति गीत, मनमोहक नृत्य/नाटक, स्वागत गीत आदि विभिन्न प्रकार की प्रस्तुतियां दी गयी।कार्यक्रम में शिरकत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष जी ने भारतीय स्वाधीनता संग्राम के कालजयी पुरोधा शहीद-ए-वतन चन्द्रशेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद ने अपना सर्वोच्च बलिदान करके ग्राम बदरका एवं जनपद उन्नाव का नाम देश व पूरी दुनिया में रोशन किया है। आज के युवा वर्ग को भी आजाद के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। देश को आगे बढ़ाने में तन-मन से सहयोग करना भी आजाद के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आजाद ने भारत वासियों को अंग्रेजो से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। बलिदानियों की श्रेणी में आजाद का नाम सर्वोपरि रहेगा। उन्होने कहा कि अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व के लिए आजाद पूरे देश के लिए आदरणीय है। हम सभी लोग जिन्होने इस वैसवारा की धरती पर जन्म लिया है, वे परम सौभाग्यशाली है। समाज व देशहित के लिए आजाद ने जो कुबार्नी दी है, उसके लिए हम सब लोग ऋणी रहेंगे। यह एक ऐसा ऋण है जिससे उऋण नही हो सकते है बल्कि हम और आप अपने आचरण व व्यवहार, श्रद्धा एवं समर्पण से समाज व अपने देश के लिए बहुत कुछ कर सकते है।

इस अवसर पर डॉ0 शर्मा एवं डॉ0 बाजपेयी ने आजाद को श्रद्धान्जलि देते हुए उनके जीवन के अनछुए पहलुओं के बारे में उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी। सांसद डॉ0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महराज, स्थानीय विधायक आशुतोष शुक्ला एवं विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर ने भी सरकार द्वारा किये जा रहे जन कल्याणकारी कार्यक्रमों से जन सामान्य को परिचित कराया और कहा कि मेले में विभिन्न विभागों द्वारा त्रिदिवसीय विकास प्रदर्शनी लगायी गयी है जो लोग सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हैं, वे इस प्रदर्शनी के माध्यम से लाभान्वित हो सकते है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर नम्रता सिंह, क्षेत्राधिकारी माया राय, कार्यक्रम संयोजक राजेश शुक्ला, मेला समिति के पदाधिकारीगण सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

# पति-पत्नी के 25 विवादित जोड़े आपसी कलह भुलाकर एक साथ रहने को हुए राजी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सिद्धार्थ शंकर मीना पुलिस अधीक्षक उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं विजय आनन्द क्षेत्राधिकारी नगर की अध्यक्षता में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना से 07, परिवार परामर्श केन्द्र से 04, थाना सोहरामऊ, थाना असोहा व थाना अचलगंज से 03-03, थाना मौरावां व थाना बांगरमऊ से 02-02, थाना फतेहपुर चौरासी से-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों मे राजेन्द्र सिंह सेंगर, साबिहा उमर, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री , डा0 मनीष सिंह सेंगर, अबसार अली खान, डॉ0 सगीर अहमद, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह, अंकित सिंह एवं परिवार परामर्श केन्द्र से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र संतोष कुमारी,महिला उप निरीक्षक मधु श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष अर्चना, भागीरथी मिथलेश वर्मा, शिवानी, आरती गौतम पूजा शर्मा, श्वेता परमार, चिंतन, सोनी, सुमन शर्मा, लक्ष्मी, सोनम, पूजा यादव ,शशि वर्मा, मीनू सोलंकी, अंशू रानी, साधना यादव व अंजूला का विशेष योगदान रहा।

# श्री राम मंदिर में लगने जा रहे ध्वज दण्ड का किया भव्य स्वागत



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अहमदाबाद गुजरात से चलकर अयोध्या जा रहे ध्वज दण्ड का नर सेवा नारायण सेवा वा हिंदू जागरण मंच द्वारा विमल त्रिवेदी की अगुवाई में कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया रथ प्रभारियों को अंग वस्तुओं प्रतीक चिन्ह भेंट करने सम्मानित किया गया विमल दिद्वेदी ने बताया कि अंबिका इंजीनियरिंग वर्क्स गोता अहमदाबाद के मालिक भरत भाई मेवाड़ा द्वारा निर्मित मुख्य ध्वज दंड की लंबाई 44 फिट वा वजन साढ़े पांच टन वा अन्य 6ध्वज दण्ड की लंबाई 20 फिट वजन 700 किलो ग्राम है वा पीतल धातु से निर्मित है जिसे अयोध्या मे 22जनवरी को प्रभू श्रीराम जी की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा मे श्रीराम मन्दिर में लगाया जाएगा। यात्रा प्रभारी विवेक आयात, सुनील कुमार तिवारी, नेपाल सिंह,महेश, मौलिक पांचाल आदि पदाधिकारी यो को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ वा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया वा पुष्प वर्षा कर रथ का किया भव्य स्वागत इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, एडवोकेट राघवेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, अभिषेक तिवारी , मनीष अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

# पारिवारिक विवाद में युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। शहर के कासिम नगर में रविवार सुबह पारिवारिक विवाद के चलते पैदल जा रहे वाहन मैकेनिक को गोली मार कर घायल कर दिया। गोली की आवाज से घटनास्थल पर भगदड़ मच गई। जख्मी हालत में पड़े युवक को लोगों ने जिला अस्पताल की इमर्जेंसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के कासिमनगर मोहल्ला के रहने वाले अंसार के बत्तीस वर्षीय बेटा इमरान लखनऊ कानपुर स्थित बाईपास पर मोटर मैकेनिक का काम करता था। सुबह घर से निकल कर पैदल दुकान जा रहा था। इसी दरम्यान परिवार के ही आधा दर्जन लोगों ने उसे घेर लिया और कहासुनी शुरू कर दी। इसी दरम्यान मामला इतना बढ़ गया कि युवकों ने उसके ऊपर फायर झोंक दिया। इमरान के पैर में गोली लगने से जख्मी हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक मौके से भाग निकले। उधर, गोलियां की तड़तड़ाहट से घटनास्थल पर भगदड़ मच गई। मौके पर मौजूद ठिलिया व अन्य दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घरों को चले गए। युवकों के जाने के बाद घटनास्थल पर जख्मी हालत में पड़े इमरान को मौजूद लोगों ने जिला अस्पताल की इमर्जेंसी में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। सीओ सिटी विजय आनंद ने बताया कि गोली चलने की बात गलत है। भूमि विवाद के मामले में मारपीट हुई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड के ग्राम अजुर्नामऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय मंत्री भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय मंत्री मनींद्र पांडे के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवम मोदी की गारंटी से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराते हुए आयोजन ग्राम प्रधान कुमार दिनेश प्रताप सिंह एवं समाजसेवी दिनेश सिंह प्रधान निबहरी अभ्येंद्र सिंह पूर्व प्रधान रुदवारा उमेश चंद्र शिव चरण क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप सिंह सानू एवम उपस्थित अर्जुन मऊ के देवता जनता के मध्य आपका बाय अरुण सिंह अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक उन्नाव एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाबगंज सदस्य जिला पंचायत एवं जिला कार्य समिति सदस्य समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में घायल सब्जी विक्रेता की इलाज के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के कानपुर लखनऊ राजमार्ग पर बीते 27 दिसंबर को नवीन मंडी के सामने ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया था। हादसे में सब्जी विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत में सुधार होने पर परिजन उसे घर ले आए थे।

उसके बाद घर पर इलाज हो रहा था। शनिवार रात इलाज के दौरान घर पर ही उसकी मौत हो गई, परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया अचलगंज थाना क्षेत्र के नथई खेड़ा गांव के रहने वाले राम प्रकाश 50 पुत्र स्व० सुखलाल सब्जी बेचने का काम करता था। बीती 26 दिसंबर को वह सदर कोतवाली क्षेत्र के हाइवे स्थित नवीन मंडी से सब्जी खरीदने के बाद वापस लौटते वक्त ई रिक्शा पलट गया था। जिससे वह दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। लेकिन कोई सुधार न होने पर परिजन उसे घर ले गए। शनिवार रात उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। परिजनों के मुताबिक बचपन में मां के बाद पिता की भी मौत होने से बेटा विनोद रो रोकर बेहाल होता रहा।

# कृष्ण सुदामा की मित्रता विश्व की मिसाल : अचार्य रविकांत

## कृष्ण सुदामा की कथा सुन भव विभोर हुए भक्त स्वार्थी मित्र केवल दिखावा करते हैं

अमन लेखनी सामाचार



ललितपुर/ललितपुर जिला मुख्यालय समीप ग्राम रजवारा के गइया बाबा के स्थान प्रांगण में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा व्यास आचार्य श्री पंडित रविकांत पटेरिया द्वारा कथा के आखिरी दिन श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई गई कथा आचार्य द्वारा बताया गया मित्रता। वही है जो अपने मित्र को विपत्ति बुरे वक्त पर साथ दे और स्वार्थी मित्र केवल मित्रों को इस्तेमाल कर दिखावा करते हैं वहीं कथा पंडाल में बैठे हैं सैकड़ो की संख्या में श्रोताओं ने श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता की कथा सुन भव विभोर हो गए लोग एक दूसरे अपने मित्र को उसके साथ हर परिस्थिति में साथ देने का संकल्प लिया पिछले 7 दिन से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के आखिरी दिन श्री कृष्णा और सुदामा की मित्रता विश्व में मित्रता की एक मिसाल है जो मानव जीवन चरित्र पर बिना किसी स्वारथ के मित्र के साथ हर परिस्थिति में खड़े होकर साथ देना होता है द्वापर युग में भगवान विष्णु ने श्री कृष्ण रूप में धरती पर अवतार लिया इस अवतार में प्रभु ने अनेकों लीला की इसमें एक लीला मित्रता की और प्रेम है यह भगवान इस कथा हमे संसार में प्रेम से जीवन जीने की सीख देता है को अंत में भगवान अपने धाम चले गए कथा पंडाल में बैठे भक्तो ने भगवान के जय कारे लगाए कथा समापन के बाद आठ जनवरी को भंडारा किया जाएगा इस मौके पर नीरज मालवीय, बाबूलाल कुशवाहा, पवन कुशवाहा, वीरन कुशवाहा, कनैया लाल कुशवाहा, शिवरायण तिवारी, महेश राय, पूरन कुशवाहा, हनुमत,राजा सहित सैकड़ों श्रोता उपस्थित रहे

# कब्र से शव को निकाल कर पीएम के लिए भेजा गया दोबारा

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के बाहर खेत में रविवार को दो बजे तीन सदस्यीय एसआईटी की टीम, एसडीएम, सीओ की निगरानी में मृतक दीपक का शव कब्र से खोदकर बाहर निकालकर दोबारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी राम प्रसाद रावत के बेटे दीपक 22 वर्ष पड़ोसी सजातीय किशोरी से प्रेम प्रसंग था 24 नवंबर को युवक का शव उसी के घर में दुपट्टे के फंदे से लटका मिला था।पिता ने किशोरी और उसके पिता पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगा कर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नही की थी मृतक के परिजनों ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर जांच की मांग थी उच्च न्यायालय के आदेश पर एसआईटी टीम जांच कर रही थी, न्यायालय के निर्देश पर एसआईटी की तीन सदस्यीय टीम में इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह, इंद्रपाल सेंगर,दरोगा सदाकत हुसैन , एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ संतोष सिंह सहित हसनगंज पुलिस फोर्स की मौजूदगी में रविवार दो बजे मृतक के पिता राम प्रसाद रावत,गांव के ही विनोद,रजनेश,मिश्री लाल,महेंद्र, सरवन,सुंदर लाल आदि लोगो ने एक घंटे बाद क्रब से खोदकर शव को बाहर निकाला , पुलिस ने दोबारा शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा,

एसडीएम नवीन चन्द्र ने बताया की उच्च न्यायालय के आदेश पर शव को क्रब से बाहर निकाला वाया गया है जिसका दोबारा पीएम होगा।

# आगे जा रहे डंफर में पीछे से घुसी कार, पांच घायल




अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के हरदोई उन्नाव मार्ग पर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर आगे चल रहे डंपर में जा घुसी। हादसे में कार सवार पांच व्यक्ति घायल हो गए। जिनमे तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। तीन को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम सिरधरपुर निवासी उमेश गांव के ही साथी दिवाकर,प्रदीप,विनीत और अरविंद के साथ कार से शनिवार शाम गंज मुरादाबाद गए थे। जहां से गांव लौटते समय हरदोई उन्नाव मार्ग पर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के पास कार अनियंत्रित डिवाइडर में टकराकर आगे चल रहे डंपर में घुस गई। हादसे में पांचों व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। कार पूरी तरह क्षत्रिग्रस्त हो गई। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उमेश,प्रदीप और विनीत की गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य दोनो साथियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# माइनर की कटी खांदी 50 बीघा फसल हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र के ग्राम ताजपुर के सामने कबीरपुर खंभौली माइनर में रात में अचानक खांदी कट गई। जब तक सुबह किसानों को जानकारी हुई तब तक करीब 50 बीघा आलू की फसल जलमग्न हो गई। जिसके सड़ने से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका है। कटी खांदी सुबह 10 बजे बांधी जा सकी। बताते चलें कि माइनर की सफाई झराई होने पर करीब 6 माह बाद कबीरपुर खंभौली माइनर में चार दिन पूर्व ही पानी छोड़ा गया था। रात में किसी समय ग्राम ताजपुर के सामने इस माइनर में अचानक खांदी कट गई। करीब पांच फिट चौड़ी खांदी कट जाने से ग्राम प्रधान उमा देवी, गिरीश चंद्र कटियार, संजय कटियार, अशोक कटियार, डीसीकेएम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनिल कटियार, जय प्रकाश कटियार, मुन्नी लाल, वली अहमद, इश्तियाक और सतीश चंद्र कटियार सहित करीब दो दर्जन किसानों की करीब 50 बीघा आलू की फसल जलमग्न हो गई। सुबह खांदी कट जाने की जानकारी जब किसानों को हुई तो कटी खांदी बांधने की कवायद शुरू की गई। जिसे सुबह 10 बजे किसी प्रकार कड़ी मशक्कत के बाद किसानों ने कटी खांदी को बांधा। लेकिन खेतों में भारी मात्रा में पानी भर जाने से आलू सड़ जाने की आशंका है।

चिंतन

## विश्वास के नए शिखर पर भारत-नेपाल संबंध

विदेश मंत्री एस जयशंकर की काठमांडू यात्रा भारत व नेपाल के संबंधों को नई ऊंचाई प्रदान करेगी। भारत व नेपाल के संबंध प्राचीन काल से प्रगाढ़ रहे हैं। जयशंकर नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल 'प्रचंड' से मिले। इस दौरान दोनों पक्षों ने सदियों पुराने, विशिष्ट तथा बहुआयामी नेपाल-भारत संबंधों पर व्यापक रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया है। नेपाल, भारत की 'पड़ोस प्रथम' नीति के तहत उसका महत्वपूर्ण साझेदार है। नेपाल में चीनी हस्तक्षेप के चलते पूर्व नेपाली पीएम केपी ओली के समय भारत से खट्टे हुए संबंध प्रचंड के पीएम बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर पिछले साल 31 मई से 3 जून तक भारत आने के बाद से दोनों पड़ोसी मुल्कों के रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। एस जयशंकर की इस दो दिनी यात्रा के दौरान भारत और नेपाल ने 4 जनवरी को एक दीर्घकालिक बिजली समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत अगले 10 वर्षों में भारत को 10,000 मेगावाट बिजली के निर्यात की सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच बिजली निर्यात पर सहमति बनी थी। भारत सीमित मात्रा में नेपाल से बिजली खरीदता रहा है। भारत नेपाल को 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति भी करता है। 1987 में गठित भारत-नेपाल संयुक्त आयोग दोनों पक्षों को द्विपक्षीय साझेदारी के सभी पहलुओं की समीक्षा करने के लिए मंच प्रदान करता है। जयशंकर का यह दौरा इसी सिलसिले में है। भारत और नेपाल एक खुली सीमा साझा करते हैं तथा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। 1950 की भारत-नेपाल शांति और मित्रता संधि, दोनों के संबंधों का आधार है। इस संधि के तहत नेपाली नागरिकों को भारतीय नागरिकों के समान ही सुविधाएं और अवसर प्रदान किये गए हैं। भारतीय सेना की गोरखा रेजिमेंट में नेपाल से सैनिकों की भर्ती की जाती है, वर्तमान में नेपाल से लगभग 32,000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना में सेवारत हैं। लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में निवास और कार्य करते हैं। भारत, सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण प्रदान करके नेपाली सेना को आधुनिकीकरण करने में सहायता कर रहा है। दोनों देश संयुक्त सैन्य अभ्यास में भी संलग्न हैं। भारत ने बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, जल संसाधन, शिक्षा और ग्रामीण विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान करके नेपाल के विकास में सक्रिय रूप से भूमिका निभाई है। भारत ने सड़कों और रेल लिंक सहित बुनियादी ढांचे के विकास पर नेपाल का सहयोग किया है। जल संसाधन, ऊर्जा और व्यापार में सहयोग भी आपसी संबंधों को मज़बूत कर रहा है। एक शानदार अतीत के बावजूद भारत-नेपाल संबंधों में कुछ चुनौतियां भी हैं। भारत-नेपाल सीमा पर कालापानी जैसे कुछ क्षेत्र अनसुलझे हैं। नेपाल इन क्षेत्रों पर अपना दावा करता है, जबकि ये क्षेत्र ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के समय से ही भारत का हिस्सा हैं। वर्ष 2019 में नेपाल ने उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख और सुस्ता (पश्चिम चंपारण जिला, बिहार) के क्षेत्र को नेपाल के क्षेत्र के हिस्से के रूप में दावा करते हुए एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी किया था। चीनी प्रोपेगैंडा के चलते भारत के प्रति नेपाल के विश्वास में कमी आई है। विदेश मंत्री की इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंध विश्वास के नए शिखर पर पहुंचेगी।

सारा संसार



नटराज मंदिर तमिलनाडु के चिदंबरम के बीच में स्थित है। यह मंदिर भगवान शिव और भगवान विष्णु को समर्पित है। भगवान शिव के तांडव नृत्य की मूर्ती को नटराज नाम दिया गया है जोकि भारत में नृत्य की स्थापना के लिए सबसे खास मानी जाती है।



राजनीति

उमेश चतुर्वेदी

# राम को लेकर ऊहापोह में क्यों कांग्रेस

> स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। कांग्रेस ने अपने वोट बैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। कांग्रेस के पास वोट बैंक बनाने को लेकर न कोई ठोस योजना नजर आई, न ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा है।

कोई शक नहीं है कि 22 जनवरी 2024 की तारीख देश के सांस्कृतिक क्षितिज पर नई इबारत दर्ज करने जा रही है। राम मंदिर को लेकर जारी आंदोलन की परिणति देश और दुनिया देख रही है। इसी आधार पर यह मानने से गुरेज नहीं है कि जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को वामपंथी इतिहासकार नकारते रहे हैं, अयोध्या में रामलला की मूर्ति की स्थापना के साथ वह मूर्त रूप लेने की ओर अग्रसर है। इस पर भी संशय नहीं है कि अयोध्या में भगवान राम की चिर प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश की राजनीति भी बदलने जा रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी को इससे जुड़ी राजनीति को लेकर संशय है। राम मंदिर न्यास ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन के लिए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को बाकायदा निमंत्रित कर रखा है। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व अब तक फैसला तक नहीं ले पाया है कि उसे इस समारोह में शामिल होना चाहिए या उसे सिरे से नकार देना चाहिए।

स्वाधीनता आंदोलन के दौरान खिलाफत आंदोलन का साथ देने के साथ जाने या अनजाने में कांग्रेस ने अल्पसंख्यक समुदाय को साधने की जो राजनीति शुरू की, उसकी चरम परिणति आजादी के बाद की उसकी राजनीति में अक्सर दिखता है। अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लुभाने के लिए कांग्रेस ने जो राजनीति शुरू की, शायद वही वजह है कि कांग्रेस ना तो राम मंदिर को स्वीकार कर पा रही है और न ही उसे खुलकर नकार पा रही है। राम मंदिर का ताला खोलने के अलावा कांग्रेस की जितनी भी कोशिशें रही हैं, वे राम मंदिर के विरोध में रही हैं। अलबत्ता इस विरोध के लिए वह राजनीति को धर्म से अलग करने का तर्क देती रही है, लेकिन जब संदर्भ अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों को लेकर आता रहा है तो सेकुलरवाद के नाम पर अल्पसंख्यक समुदाय के धर्म आधारित राजनीति को तवज्जो देने से वह कभी नहीं हिचकी। अल्पसंख्यकवाद की उसकी राजनीति का एक रूप मनमोहन सिंह के बयान के रूप में देश देख और सुन चुका है। प्रधानमंत्री रहते मनमोहन सिंह कहने में नहीं हिचके थे कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों का है।

कांग्रेस ने आजादी के बाद अपने वोटबैंक का जो ताना-बाना विकसित किया, उससे वह अल्पसंख्यकों के थोक वोट बैंक को अपनी ओर आकर्षित करने में कामयाब रही। केंद्रीय राजनीति में राष्ट्रीय मोर्चा और संयुक्त मोर्चा के उभार के पहले तक कांग्रेस ही अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद रही। राम मंदिर आंदोलन के उभार के बाद उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में मुस्लिम वोटरों ने कांग्रेस की बजाय भाजपा से दो-दो हाथ करते नजर आए स्थानीय दलों मसलन समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का दामन थाम लिया। राम मंदिर आंदोलन के उभार के वक्त कांग्रेस ऊहापोह में रही। राष्ट्रीय दल होने के नाते उसे अल्पसंख्यक केंद्रित राजनीति की सीमा का भान था।




इसीलिए वह राम मंदिर के खिलाफ वैसा कड़क स्टैंड नहीं ले पाई, जैसा मजबूरी या मौके पर चौका मारने की नीयत से मुलायम और लालू ने लिया। इसलिए ये दोनों नेता अपने-अपने राज्यों में अल्पसंख्यकों के चहेते बन गए। इसका सीधा नुकसान कांग्रेस को ही हुआ। उसका पारंपरिक अल्पसंख्यक वोट बैंक हाथ से निकल गया। झीने आवरण में जारी उसके अल्पसंख्यकवाद की पोल राम मंदिर आंदोलन ने खोल दी तो उसका पारंपरिक सवर्ण विशेषकर ब्राह्मण वोट बैंक भी साथ छोड़ गया। उन्हीं दिनों दलितों के नए रहनुमा भी उभर आए तो दलितों ने भी कांग्रेस को टा-टा बाय-बाय दिया।

अव्वल तो कांग्रेस को उसी वक्त ऊहापोह से निकल कर मजबूत राजनीतिक रुख अख्तियार करना चाहिए था। कांग्रेस हमेशा अधूरे मन के साथ कभी अल्पसंख्यकवाद को मजबूत करने की ओर बढ़ती रही तो कभी सवर्णों को साधने की दिशा में आगे बढ़ी। उसके पास ठोस वोट बैंक बनाने को लेकर ना तो कोई ठोस योजना नजर आई, ना ही वह कभी मजबूत रुख ले पाई। यह ऊहापोह राहुल की कांग्रेस में ज्यादा दिखा। जब कभी राहुल कुर्ते के ऊपर से जनेऊ पहनकर मंदिर-मंदिर माथा टेकते नजर आए तो कभी अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए बहुसंख्यक वोटरों के हितों को किनारे रखते गए। गुजरात के 2017 के विधानसभा चुनावों में मंदिर-मंदिर माथा टेकना हो या फिर कर्नाटक के 2018 के चुनावों में मंदिरों का दर्शन करना हो या फिर लोकसभा चुनाव के वक्त देश के कथित सेकुलर रूप को बचाने का दावा हो, राहुल वाली कांग्रेस हर बार ऊहापोह में नजर आई।

यही ऊहापोह रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के वक्त भी दिख रहा है। इसकी मोटी वजह यह है कि कांग्रेस समझ नहीं पा रही है कि उसे राम का साथ देना चाहिए या नहीं। इसकी बड़ी वजह है कि बीते कर्नाटक चुनाव से कांग्रेस के पाले में अल्पसंख्यक वोट बैंक थोक के भाव से लौट रहा है। इसका असर तेलंगाना में भी दिखा। कांग्रेस को यह भ्रम हो गया है कि उत्तर प्रदेश का नौ प्रतिशत और बिहार का 14 प्रतिशत मुस्लिम मतदाता उसकी ओर लौट रहा है। कांग्रेस को लगता है कि असम का मुस्लिम वोटर भी उसी के पास लौटेगा। हालांकि आनुपातिक रूप से सबसे ज्यादा मुस्लिम वोट बैंक की हिस्सेदारी वाले पश्चिम बंगाल राज्य में कांग्रेस की स्थिति खास मजबूत नजर नहीं आ रही। वहां के मुस्लिम वोटरों की पहली पसंद अब भी ममता बनर्जी ही हैं। कांग्रेस को ऊहापोह में रखने में राहुल व प्रियंका के वामपंथी सलाहकार मंडल की राय भी है। हिंदुत्ववादी राजनीति के संदर्भ से वामपंथी सोच को सदा से परहेज रहा है, हालांकि अल्पसंख्यक राजनीति को लेकर उसकी धर्म केंद्रित राजनीति के विरोध का विचार पता नहीं कहां तिरोहित हो जाता है। राहुल और प्रियंका की वामपंथी सलाहकार मंडली भी इसी राय की है। इसलिए वह रामलला के विग्रह के प्राणप्रतिष्ठा समारोह से कांग्रेस को शायद दूर रहने की सलाह दे रही है। राममंदिर को लेकर अतीत में कांग्रेस और उसके कद्दावर नेताओं ने ऐसी गलतियां की हैं, जिनकी वजह से बहुसंख्यक वोटरों के बड़े हिस्से में नाराजगी रही। वर्ष 2012 में जयराम रमेश यह कहने से नहीं हिचके थे कि राम मंदिर से कहीं ज्यादा पवित्र शौचालय है। इन दिनों उनका यह बयान चर्चा में है और कांग्रेस को सफाई देनी पड़ रही है। ऐसे उल-जलूल बयानों ने कांग्रेस को अक्सर नुकसान पहुंचाया है। राम मंदिर मुद्दे को केंद्रीय राजनीति की धुरी बनते देख लगता है कि कांग्रेस में भी दुविधा बढ़ रही है। अब कांग्रेस के कुछ बाहरी सलाहकार उसे सलाह देने लगे हैं कि अगर कांग्रेस को बने रहना है तो रामंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होना चाहिए। अगर कांग्रेस शुरू से राम मंदिर को लेकर ऊहापोह की बजाय एक संतुलित रुख अख्तियार करती तो सियासी रूप से मजबूत होती।

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

## जमींदार और मजदूर के कर्म का फल



संकलित

प्रेरणा

एक गांव में जमींदार और उसके एक मजदूर की साथ ही मौत हुई। दोनों यमलोक पहुंचे। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आज से तुम मजदूर की सेवा करोगे। मजदूर से कहाः अब तुम कोई काम नहीं करोगे, आराम से यहां रहोगे। जमींदार परेशान हो गया। पृथ्वी पर तो मजदूर जमींदार की सेवा करता था, पर अब उल्टा होने वाला था। जमींदार ने कहाः भगवन, आप ने मुझे यह सजा क्यों दी? मैं तो भगवान का परम भक्त हूं। प्रतिदिन मंदिर जाता था। देसी घी से भगवान की आरती करता था और बहुमूल्य चीजें दान करता था। धर्म के अन्य आयोजन भी मैं करता ही रहता था। धर्मराज ने मजदूर से पूछाः तुम क्या करते थे पृथ्वी पर? मजदूर ने कहाः भगवन, मैं गरीब मजदूर था। दिन भर जमींदार के खेत में मेहनत मजदूरी करता था। मजदूरी में उनके यहां से जितना मिलता था, उसी में परिवार के साथ गुजारा करता था। मोह माया से दूर जब समय मिलता था तब भगवान को याद कर लेता था। भगवान से कभी कुछ मांगा नहीं। गरीबी के कारण प्रतिदिन मंदिर में आरती तो नहीं कर पाता था, लेकिन जब घर में तेल होता तब मंदिर में आरती करता था और आरती के बाद दीपक को अंधेरी गली में रख देता था ताकि अंधेरे में आने-जाने वाले लोगों को प्रकाश मिले। धर्मराज ने जमींदार से कहाः आपने सुन ली न मजदूर की बात? भगवान धन-दौलत और अहंकार से खुश नहीं होते। भगवान मेहनत और ईमानदारी से कमाने वाले व्यक्ति से प्रसन्न रहते हैं।

विकास

संजीव ठाकुर



## नवप्रवर्तन जारी रहे

जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं। उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज में 3 प्रतिशत नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार ने न सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है, जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। इसके कारण भार मानी जाने वाली महिलाएं अब भार ढोने वाली की भूमिका में आ चुकी हैं। इसी तरह न्यायिक क्षेत्र में जनहित याचिका की अवधारणा ने न्याय की अवधारणा को सर्वांगीण बनाने में सहायता प्रदान की है। यह अलग बात है कि केवल नवप्रवर्तन को ही एकमात्र निर्धारक कारक के रूप में नहीं माना जा सकता क्योंकि नवीन विचारों को स्वीकार करना और आगे बढ़ना बहुत हद तक समाज पर निर्भर करता है।

अंतर्मन




आज की पाती

### फिटनेस का संकल्प जरूरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में हमें फिट रहने का संदेश दिया। इसमें प्रधानमंत्री ने कुछ सेलिब्रिटी को भी शामिल किया। इन सेलेब्रिटीज ने अपनी फिटनेस का मंत्र बताया। प्रधानमंत्री ने नववर्ष के संकल्प के लिए कहा कि हमें खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने का संकल्प लेना चाहिए। प्रधानमंत्री का फिट इंडिया का सपना तभी पूरा होगा जब हम ऐसा संकल्प लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों को फिट रखने के लिए 'फिट इंडिया मूवमेंट' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री की इस मुहिम में सबको शामिल होना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य ही सच्चा धन होता है। जो समय पर रात को सोता है, सुबह समय पर उठकर प्रकृति से जुड़ता है, वह सारा दिन अपनी दिनचर्या स्फूर्ति से बिताते हुए अपने हर काम निपटाता है। *-पंकज चतुर्वेदी, सरायपाली*

करंट अफेयर

## चुनाव से बांग्लादेश के भविष्य को खतरा

बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले आम चुनाव में प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी 'अवामी लीग' की विजय पक्की मानी जा रही है। यह बांग्लादेश के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण भी साबित हो सकता है। वर्ष 2014 और 2018 के पिछले दो चुनावों के साथ कुछ समानताओं के बावजूद वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद का परिदृश्य अलग होने की संभावना है। अपने लगातार चौथे कार्यकाल में हसीना के सामने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ,दोनों तरह की कठिन चुनौतियां होंगी, जिनका देश के आर्थिक, राजनीतिक और कूटनीतिक पथ पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।



ऑफ बीट

## डरे होने पर हम कैसे और क्या सीखते हैं?



हममें से कई लोगों को परिवार के किसी सदस्य, शिक्षक या बॉस द्वारा चिल्लाने या धमकाने की स्पष्ट याद है। इस तरह के डराने वाले अनुभव अक्सर हमारी स्मृति में अंकित हो जाते हैं; भविष्य में उनसे बचने के लिए भयावह घटनाओं को याद रखना आवश्यक है। यह एक सामान्य प्रतिक्रिया है जो हमारे अस्तित्व को बढ़ावा देती है। डर और स्मृति के बीच यह मजबूत संबंध हमें यह सोचने पर मजबूर कर सकता है कि डर सीखने का एक प्रभावी उपकरण हो सकता है। हालाँकि, अनुसंधान से पता चलता है कि डर के बच्चों और वयस्कों दोनों के लिए दीर्घकालिक नकारात्मक परिणाम हो सकते हैं

ट्रेंड

### पांच चीज़े बहुत जरूरी



किसी भी देश की ग्रोथ करने के लिए, उन्नति करने के लिए पांच चीज़े बहुत जरूरी है। इनको आप पंचतंत्र कह सकते है। ख़ुशी की बात है की आज के दिन वर्तमान भारत में वह पांचो चीज़े स्थापित है।

-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### बड़ी उपलब्धि



नामीबिया से लाई गई चीता 'आशा' के तीन शावकों को जन्म देने से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को बसाने के प्रयास को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई यह परियोजना पूरे मध्य प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है।

-ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### समन ग़ैर क़ानूनी



ये मुझे गिरफ़्तार करना चाहते हैं। मेरी सबसे बड़ी सम्पति मेरी ईमानदारी है। ये फर्जी मुक़दमों से मेरी ईमानदारी पर चोट करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा है, मेरे वकीलों ने कहा है ये समन ग़ैर क़ानूनी है।

-अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली

### बहुत आभारी हूं



अपनी मिट्टी, अपना देश कैसा भी हो, अपने लिए घर जैसा होता है। जब भी कोई इसे छोड़ कर जाता होगा। उसका दिल इसी तरह का कोई गीत गाता होगा। चल वे वतना. ..फिर मिलेंगे। बैठकर लंबी... बात करेंगे। इस मधुर कृति के लिए बहुत आभारी हूं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## संक्षेप

### मिल्कीपुर में प्रशासन ने नहीं की अलाव की व्यवस्था

#### छात्रों व राहगीरों को हो रही परेशानी, सर्दी-खांसी से पीड़ित बच्चों की संख्या अस्पताल में बढ़ी

मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में पड़ रही कड़ाके की ठंड से विद्यालय आने जाने वाले छात्र-छात्राओं व राहगीरों की परेशानियां बढ़ गई हैं। गलन भरी इस ठंड में सर्वाधिक दिक्कत छोटे बच्चों को हो रही है। अस्पताल में सर्दी - खांसी से परेशान होकर पहुंचने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी हुई है। आज का न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बृहस्पतिवार को दोपहर बाद मामूली सी धूप जरूर निकली लेकिन आज शुक्रवार की सुबह को घना कोहरा छाया रहा। इसके चलते लोग ज्यादा देर तक घरों में दुबके रहे। सुबह टैक्सी स्टैंड पर लोग वाहनों के इंतजार में ठंड से ठिठुरते हुए नजर आए। वहीं, कुमारगंज के खण्डासा मोड़ के सामने कुछ लोग अलाव के पास खड़े होकर ठंड से बचाव की कोशिश करते दिखे। उधर, गलन भरी इस ठंड का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। ठंड की चपेट में आने से बीमार बच्चों की संख्या सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज समेत, क्षेत्र के सीएचसी में इजाफा होने लगा है। फिजिशियन डॉ जीपी विश्वकर्मा ने बताया कि ठंड से बचाव के लिए बच्चों को गर्म कपडे.पहनाकर रखना जरूरी है। सर्दी - खांसी के प्रभावित बच्चों की संख्या ओपीडी में हर रोज 100 से अधिक पहुंच रही है। अगर ठंड और ज्यादा बढ़ी तो कोल्ड डायरिया का खतरा भी बढेगा। ऐसे में बच्चों को ठंड में विशेष रूप से बचाव करने की जरूरत है। लापरवाही करने से परेशानी बढ़ सकती है।

### अम्बेडकरनगर विकास भवन में राष्ट्रपिता की मूर्ति स्थापित

#### प्रभु राम के प्रतिमा की स्थापना की चल रही तैयारी, 20 लाख की बजट से होगा काम

अम्बेडकरनगर, अंबेडकरनगर में विकास भवन परिसर को सुंदर बनाने के लिए उसका कायाकल्प किया जा रहा है। विकास भवन परिसर में महात्मा गांधी की मूर्ति स्थापित की गई है। इसके साथ ही अब परिसर में प्रभु श्री राम की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इसके लिए तैयारी चल रही है। 20 लाख की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। विकास भवन में आने वाले लोगों का काम आसानी से हो। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी ने सभी पटलों को सख्त निर्देश दिया है। वहीं यहां आने वाले लोगों को सुखद अनुभव हो। इसके लिए करीब 20 लाख रुपये खर्च कर विकास भवन परिसर को और निखारने की कवायद तेजी से चल रही है। पिछले दिनों विकास भवन के मुख्य गेट के अलावा आसपास के क्षेत्र का सुंदरीकरण किया गया। अब विकास भवन अनुरक्षण के मद, क्रिटिकल गैप मद व शासन से निर्गत बजट से परिसर को और सुंदर बनाया जा रहा है।

# धर्मकांटा के उद्धघाटन में एक हजार लोगों को वितरण हुए कम्बल

## भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं: विधायक

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज ब्लॉक के परसेंडी चौराहे पर रविवार को कम्बल वितरण व धर्मकांटा का उद्धघाटन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख सन्दीप सिंह विशेन व नायब तहसीलदार विरजेश कुमार रहे। मंच संचालन शिवा जी अवस्थी व मण्डल अध्यक्ष अनिल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मो आमिल निवासी सौगहना द्वारा ग्राम प्रधान रियाज अहमद रजि अहमद जाकिर हुसैन द्वारा महेक धर्मकाटा का उदघाटन व कम्बल वितरण का आयोजन कराया गया। इस मौके पर पहुँचे विधायक का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने फीता काटकर धर्मकाटे का उद्घाटन कर ग्रामीणों में कम्बल वितरण किया। सम्बोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास की नीति पर कार्य कर रही हैं। प्रत्येक तबके को विकसित करना ही उनकी प्राथमिकता है। उनकी विधानसभा पयागपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अधिकांश गांवों में सभी जर्जर मार्गों को दुरस्त कराया जा चुका है। सात पुलों का निर्माण भी हो चुका है। जो शेष रह गए हैं, उन पर भी काम चल रहा है। उनका प्रयास है कि सड़क, पानी, बिजली समेत तमाम मूलभूत सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलता रहे। धर्म काटे के निर्माण से किसानों को गन्ना आदि तौल कराने के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। कार्यक्रम आयोजक व ग्राम प्रधान की जमकर तारीफ की। इस मौके पर एक हजार लोगों को कम्बल वितरण किया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, मो आमिल, जाकिर हुसैन रियाज अहमद प्रधान परसेंडी, पूर्व प्रधान रजि अहमद अनिल सिंह पूर्व प्रधान कुंडासर, अनिल सिंह मण्डल अध्यक्ष कर्मचन्द गुप्ता प्रधान संघ अध्यक्ष, मो राशिद मो असगर, सरफुद्दीन बीडीसी, मो आलम, रिजवान रामु सिंह वन अधिकारी जुबेर खा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। फखरपुर थाना अध्यक्ष अनुज त्रिपाठी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रहे।

# कैसरगंज मे निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा, जमकर बरसे फूल

## निशान यात्रा मे शामिल हुई सैकडो महिलाएं

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। रविवार को कैसरगंज मे खाटूश्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में ध्वज लिए श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर थिरकते रहे। निशान यात्रा का कस्बे में जगह जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में करीब 300 ध्वज हाथों में लिए महिला व पुरुष श्रद्धालु चल रहे थे। निशान यात्रा कार्यक्रम स्थल गुड़ मण्डी से होती हुई तहसील गेट तक पहुची वंहा से होते हुए यह यात्रा हनुमान मन्दिर के निकट पहुंची जंहा श्रदालुओ ने पुष्प वर्षा कर इस निशान यात्रा स्वागत किया। वहा डीजे गाड़ी के आगे ध्वज लिए श्रद्धालु, बाबा खाटू श्याम के गीतो पर थिरकते रहे। सैकडो की संख्या मे महिलाओ की भी भागीदारी रही। निशान यात्रा निकलने से पूरा कस्बा भक्ति रस मे डूब गया। हनुमान मन्दिर होते हुए निकली इस यात्रा पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गयी। पूरा रास्ते श्रदालु खाटू श्याम के जयकारे लगाते रहे। यात्रा का समापन पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर हुआ। इसके पश्चात सैकडो लोगो ने प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, कार्यक्रम संयोजक अरविंद यज्ञसेनी, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, बुद्ध सागर गुप्ता, उम्मेद जैन, रामस्वरूप पारीक, ओम प्रकाश पारीक, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, राजू मिश्रा, सुनील रस्तोगी, रतन पारीक, मोहित मिश्रा, नानबच्चा सोनी, आशु सोनी, अनिल सोनी, उमा प्रताप सिंह, अतुल यज्ञसेनी, श्यामजी, सचिन अग्रवाल, हनुमान, आयूष, गोपी कौशल, भरत कौशल, आलोक जयसवाल, गंगाराम जयसवाल, गुलाब सिंह, सुनील गुप्ता, विनोद वर्मा, निरंकार बाबा, कृण्ण कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, रीतेश श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, सहित सैकडो, संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# 100 लोगों को कराया गया नमो एप्स डाउनलोड



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। नगर के चकिया मोड़ चौराहे पर भाजपा मंडल टीम के तत्वाधान में शिविर लगाया गया। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय रहे। इसमें करीब 100 लोगों को नमो एप्स डाउनलोड कराई गई। मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र के नेतृत्व में लगाए गए शिविर में 100 लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराई गई साथ ही भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत आने वाली योजनाओं के बारे में विस्तार से लोगों को बताया गया। जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग सभी योजनाओं का लाभ ले सके शिविर की संयोजक मंडल अध्यक्ष अजय मिश्रा रहे। इस मौके पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्र, प्रहलाद वर्मा मंडल महामंत्री, रुपईडीहा चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य सहित अन्य भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद है।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा रूपईडीहा द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन विनायक मैरेज लान में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने शिरकत करके वहां उपस्थित जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। भव्य कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अल्पसंख्यक मोर्चा नबी अहमद व शाहिद हाशमी तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी मो० अरशद के नेतृत्व में किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में बहुत ही भारी संख्या में जनमानस उपस्थित रहे। वहां पर लगभग 200 लोगों को कंबल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार प्रत्येक वर्ग के लिए योजनाएं चला रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना हो, राशन की योजना हो, सड़क योजना हो ऐसी अनेकों योजनाओं में से किसी न किसी एक योजना का लाभ प्रदेश के प्रत्येक नागरिक उठा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्य समिति सदस्य ललित त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि आनंद गौड़, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा डॉ तौसीफ अहमद, रूपईडीहा डॉ उमाशंकर वैश्य, मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भीमसेन मिश्र, महाराज दिन वर्मा मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, लक्ष्मी गुप्ता मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा, अरुण सोनकर मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा, शिवराज सिंह मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, प्रहलाद वर्मा मंडल महामंत्री, सर्वेश मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष, विजय सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, योगेश पांडे, अनुज कौशल व भाजपा जिला व मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित पत्रकार समुदाय से जुड़े हुए लोग उपस्थित रहे। जिन्हें सम्मानित भी किया गया। सफल आयोजन के लिए जिला अध्यक्ष ने रुपईडीहा अल्पसंख्यक मोर्चा को बधाई दी।

# ब्रह्मकुमारी आश्रम में छत से गिरकर युवती की मौत

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रायगंज स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की छत से संदिग्ध परिस्थियों में 23 साल की पूजा जायसवाल की गिरकर मौत हो गई। घटना शुक्रवार सुबह 5:30 की है। संस्था के पदाधिकारियों ने घटना के बाद माता पिता के मौजूदगी में बिना पुलिस को सूचना दिए ही किशोरी का दाह संस्कार कराने का प्रयास किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं किशोरी की मां के मुताबिक वह कई सालों से बीमार थी। जिसका इलाज चल रहा था। पूजा मूलरूप से गोरखपुर के तारामंडल की रहने वाली थी। उनका परिवार अयोध्या के लवकुश नगर में किराए के मकान में रहता है। पिता राजेश कुमार जायसवाल अयोध्या नगर निगम में संविदा कर्मचारी है। पूजा ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय में रहती थी, जहां उसका इलाज भी चलता था। सुबह 5:30 बजे आश्रम की एक महिला ने विश्वविद्यालय की बगल पूजा को सड़क पर खून से लथपथ पड़ी देखा। उसने तत्काल इसकी सूचना संस्थान प्रभारी डीके सुधा को दिया। डीके सुधा ने बताया कि घटना के बाद पूजा को श्री राम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद घटना की जानकारी पिता राजेश और माता निर्मला को दी गई। विश्वविद्यालय में पूजा सोनम के साथ ही सोती थी। सोनम ने बताया कि विश्वविद्यालय के नियमानुसार सुबह चार बजे दोनों जगकर व्यायाम किया। ठंड और अंधेरे के कारण दोबारा 4:30 बजे वह दोबारा सो गए। पूजा बिस्तर पर बैठी रही। आंख खुला तो विद्यालय में हलचल मचा हुआ था। पता चला कि पूजा छत से गिर गई है। ब्रह्मकुमारी संस्थान के पदाधिकारियों के मुताबिक पूजा दूसरे तल पर सोती थी।

# बड़े पैमाने पर हुए पुलिस कर्मियों के तबादले

- निरीक्षक मीरा कुशवाहा को मिली साइबर थाने की जिम्मेदारी, सच्चिदानंद राय भेजे गए अपराध शाखा

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, एसपी इलामारन जी ने देर रात बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों के तबादले किए। एसपी के तबादले में बड़ी संख्या में निरीक्षक, उप निरीक्षक के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया जबकि पुलिस लाइन से कई उप निरीक्षकों को थानों में तैनाती दी गई। निरीक्षक मीरा कुशवाहा को पुलिस लाइन से साइबर थाना भेजा गया। निरीक्षक सच्चिदानंद राय को पुलिस लाइन से अपराध शाखा भेजा गया। निरीक्षक धीरेंद्र कुमार यादव को गौरीगंज थाने से अतिरिक्त निरीक्षक अमेठी कोतवाली बनाया गया। निरीक्षक जिलेदार यादव को अमेठी कोतवाली से गौरीगंज थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया। निरीक्षक महेंद्र यादव को अमेठी से जगदीशपुर थाने का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया। उप निरीक्षक सत्य प्रकाश को गौरीगंज से अमेठी कोतवाली भेजा गया। उप निरीक्षक जय प्रकाश सरोज को जामो थाने से जायस थाने भेजा गया। शाहगढ़ चौकी प्रभारी इंद्रेश कुमार को महमदपुर का चौकी प्रभारी बनाया गया। उप निरीक्षक विधानचंद्र यादव को मुंशीगज से जगदीशपुर थाने भेजा गया। चौकी प्रभारी निमि को अजय कुमार अवस्थी को शिवरतनगंज थाने भेजा गया। उप निरीक्षक शिव बख्श सिंह को जामो से मुसाफिरखाना थाने भेजा गया है। उप निरीक्षक कृष्ण कुमार को अमेठी से भाले सुल्तान थाने भेजा गया। वहीं संग्रामपुर थाने के उप निरीक्षक रामलाल यादव को मोहनगंज थाने में तैनाती दी गई है। इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक उप निरीक्षकों को अलग अलग थानों में तैनाती मिली है। वहीं बड़ी संख्या में कम्प्यूटर आपरेटर, आरक्षी और महिला आरक्षियों के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है।

# स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

## झांसी और इलाहाबाद की महिला क्रिकेट टीम के बीच मुकाबला, इलाहाबाद की महिला क्रिकेट टीम रही विजेता

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर जनपद में राठ कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय के खेल प्रांगण में चल रहे हैं स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज महिला क्रिकेट टीमों का मैच सम्पन्न हुआ जिसमें झांसी और इलाहाबाद की महिला क्रिकेट टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। जिसमें इलाहाबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने के लिए उतरी इलाहाबाद की टीम ने 119 रन बनाये। इलाहाबाद की टीम से अर्सला शकील ने सर्वाधिक 55 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं जवाब में लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी झांसी महिला क्रिकेट टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही। और पूरी टीम मात्र 90 रनों पर ही सिमट गई। जिससे यह मैच इलाहाबाद की टीम ने जीत लिया। सर्वाधिक 55 रनों की पारी खेलने पर इलाहाबाद टीम की महिला खिलाड़ी अर्सला शकील को वूमेन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। वही इलाहाबाद की टीम की ओर से नंदिनी सिंह और कात्यायनी ने दो दो विकेट और संध्या और नबीबा ने एक-एक विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।


### हजारों की संख्या में दर्शक गण मौजूद रहे

इस दौरान कमेंटेटर देवेंद्र राजपूत पत्रकार और सीतू सेंगर के अलावा स्कोरर आशीष द्विवेदी बड़े सहित स्वामी ब्रह्मानंद अंतरराज्जीय क्रिकेट टूनामेंट के अध्यक्ष धर्म सिंह राज खजांची व उनके साथी विनोद राजपूत, ऋषि राजपूत, दीपेंद्र सिंह व फईम बेग सहित हजारों की संख्या में राठ नगर एवं क्षेत्र के दर्शक गण मौजूद रहे।

# अवध यूनिवर्सिटी में बिना हेलमेट के नहीं मिलेगा प्रवेश

- छात्र-छात्राओं ने दो पहिया वाहनों पर 3 सवारी बैठाई तो होगी कार्रवाई, बाहरी छात्र नहीं जा सकेंगे

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं के बाइक पर तीन सवारी करने, ड्राइविंग लाइसेंस व बगैर हेलमेट के वाहन चलाने पर पाबंदी लगा दिया है। इसके साथ ही अनधिकृत छात्रों के प्रवेश पर भी रोक लगा दिया है। किसी भी छात्र के ट्रिपल सवारी करते हुए पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। विवि में गुरुवार को कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल के निर्देश पर मुख्य नियंता प्रो संत शरण मिश्र के टीम के सदस्यों द्वारा मुख्य परिसर से दीक्षा भवन तक छात्र-छात्राओं के ट्रिपल सवारी, ड्राइविंग लाइसेंस व बगैर हेलमेट के वाहन चलाने पर पाबंदी लगाई है। विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्टेट बैंक के सामने चेक प्वाइंट बनाया गया है। सिक्योरिटी की मौजूदगी में प्रॉक्टोरियल टीम के सदस्यों द्वारा अधिकृत छात्र-छात्राओं के परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित किया। छात्रों एवं अन्य आगंतुकों को परिसर में आने के लिए प्रयोजन बताना होगा। विवि के विभिन्न विभागों में 90 पाठ्यक्रम संचालित है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किमी 150 पर हादसा

## मरीज छोड़कर लखनऊ लौट रही एंबुलेंस ट्रक में पीछे से टकराई, गंभीर हालत में कराया गया भर्ती

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 150 किमी पर बृहस्पतिवार देर शाम मरीज छोड़कर लखनऊ वापस लौट रही एक एंबुलेंस आगे से जा रही ट्रक में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस चालक को गंभीर चोटे आई हैं। मौके पर पहुंची यूपीडा टीम ने राहत और बचाव कार्य किया है। बता दें कि सीतापुर जिले के हुसैनगंज प्लाईवुड कॉलोनी निवासी फरमान अली एंबुलेंस से मऊ जिले में एक मरीज को छोड़कर वापस लखनऊ जा रहा था। अभी वह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के खोजापुर गांव के पास पहुंचा ही था की आगे से जा रहे ट्रक में एंबुलेंस की पीछे से टक्कर हो गई। इससे एंबुलेंस के परखच्चे उड़ गए और एंबुलेंस चालक फरमान अली घायल हो गया। घटना में उसके बाएं हाथ और शरीर पर चोटे आई है। यूपीडा ने इलाज के लिए उसे दोस्तपुर अस्पताल भेजवाया।

# अमेठी में रोजगार सेवक को ब्लाक के अंदर पीटा

- जबरन इंटरलॉकिंग का मस्टररोल बनाने का दबाव बनाया, ठेकेदार ने साथियों के साथ मिलकर पीटा

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में दबंग ठेकेदार ने अपने साथियों के साथ ब्लाक के अंदर घुसकर रोजगार सेवक की जमकर पिटाई कर दी। दबंग ठेकेदार की पिटाई के बाद से घायल रोजगार सेवक स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद अपने साथियों के साथ थाने पहुंचकर कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दरअसल ये पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के बाजार शुकुल ब्लाक का है जहाँ आज दोपहर रोजगार सेवक रघुनंदन अपना काम कर रहा था इसी बीच ठेकेदार सुनील कुमार शर्मा अपने कई साथियों के साथ पहुंचा और जबरन इंटर लॉकिंग का मास्टररोल तैयार करने का रोजगार सेवक पर दबाव बनाने लगा। रोजगार सेवक ने जब ऐसा करने से मना किया तो ठेकेदार ने ब्लाक के भीतर ही रोजगार सेवक की जमकर पिटाई कर दी। घटना को अंजाम देकर ठेकेदार और उसके साथी मौके से फरार हो गए। घायल रोजगार सेवक को ब्लाक कर्मचारी बाजार शुकुल सीएचसी लेकर पहुँचे जहां से इलाज के बाद बड़ी संख्या में रोजगार सेवकों के साथ थाने पहुँचकर आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। अमेठी का बाजार शुकुल ब्लाक विवादों को लेकर अक्सर चर्चा में रहा है। पहली घटना आशीशपुर के पंचायत सचिव सुधीर पटेल और प्रधान प्रतिनिधि के पुत्र से हुई थी मारपीट जिस में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## संक्षेप

### पंचायत सदस्य ने फीता काटकर किया टूर्नामेंट का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

सिंहपुर, अमेठी-विकास खण्ड क्षेत्र के शेखनगांव में हर वर्ष की तरह इस साल भी एक बेहतरीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ।लीक मैच का उद्घाटन करने पहुचे जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती व प्रतिनिधि मासूक अहमद फीता काटकर किया ।पहला लीक मैच रस्तामऊ बनाम दिलावरगढ़ के बीच खेला गया ।जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रस्तामऊ की टीम ने सौ रन आठ ओवर में बनाये ।जवाब में उतरी दिलावर गढ़ की टीम ने 38 रन पर ही ऑल आउट हो गई ।जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र भारती ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए ।खेल में हारजीत का सिलसिला चलता रहता है ।अम्पायरिंग का जिम्मा मोहम्मद अरसद व हस्सान ने निभाया तो वही कमेंटेटर के रूप में समाज सेवी मोजीम खान ने किया ।इस मौके पर तसीम, इमरान, गुफरान, राहुल यादव, सिद्दीक, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

### एसपी ने पुलिस चौकी और रैन बसेरे का किया शुभारंभ

जालौन, जालौन के उरई स्थित पुरुष जिला चिकित्सालय में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने चिकित्साधीक्षक के साथ मिलकर नवीन पुलिस चौकी के साथ-साथ रैन बसेरे का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने सर्दी से बचाव के लिए गरीबों को कंबल भी वितरित किए। पुलिस चौकी का शुभारंभ करने के बाद पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने कहा कि पुलिस सदैव लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती है इसीलिए लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के मकसद से जिला अस्पताल में नवीन पुलिस चौकी खोली गई है। नवीन पुलिस चौकी का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने जिला अस्पताल में बनाए गए रैन बसेरे का उद्घाटन किया।

### मेरठ में सड़क हादसे में इकलौते बेटे की मौत

मेरठ, मेरठ में गुरुवार देर रात युवक को टूरिस्ट बस ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देर रात हापुड़, खरखौदा रोड की है ।जब रोहटा थाना क्षेत्र के भदोड़ा गांव का रहने वाला युवक, मुकुल पुत्र जोगिंदर हापुड़ से अपनी वैन से मेरठ लौट रहा था। अचानक खरखोदा रोड पर एक टूरिस्ट बस ने वैन में टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी जबरजस्त थी कि मुकुल की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी बॉडी गाड़ी में अंदर ही दब गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने जेसीबी की सहायता से वैन की खिड़की काटकर किसी तरह युवक का शव निकाला। शव की शिनाख्त कर परिजनों को घटना के बारे में बताया। मौके पर पहुंचे घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने बॉडी पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। टूरिस्ट बस जिसने टक्कर मारी उसकी तलाश की जा रही है।

## उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वर्णिम कार्यकाल पर डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने लिखी पुस्तक

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लआईकाल्स लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने लिखा पुस्तक उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के जीवन काल से वर्तमान तक के सफर को डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने अपनी पुस्तक में समाहित करने का प्रयास किया है, इस पुस्तक में नौ अध्याय है और प्रत्येक अध्याय अपने आप में महत्वपूर्ण है , प्रथम अध्याय के कुछ बिंदुओं को साझा किया जा रहा है जिसमे उनके बाल्यकाल से तपस्वी बनने तक का सफरनामा संग्रहित है और इसके बाद एक तपस्वी का समाज सेवा के क्षेत्र में समाज और देश के निर्माण हेतु आगमन होता है और उस दौर के राजनीति को जागृति करने का कार्य पूज्य महाराज ने किया और सभी धर्मो, जातियों के लोगो के लिए दिल खोल कर कार्य किया जा रहा है, और उनके पास कोई न अमीर है न कोई गरीब है, जो भी जिस भाव से आया उसकी सर्वथा विधि के दायरे में सहायता की गई और जब भी देश के लिए जरूरत पड़ी तो उन्होंने अपना सर्वोच्च योगदान दिया। एक तपस्वी जब प्रदेश का मुखिया बने तब प्रदेश कई तरह की समस्यायों से घिरा हुआ था, और बेरोजगारी बढ़ रही थी और अभी कुछ समय बीता ही था की इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी कोविद नाइंटीन का भी सामना हुआ। इन सब हालातों से लड़ते हुए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बहुत कम समय में उत्तर प्रदेश देश विदेश में एक अलग मुकाम और पाचन स्थापित किया। आज पूरे भारतवर्ष में कानून व्यवस्था का जिक्र होता है तो यूपी का नाम लिया जाता है की कैसे महाराज ने यूपी जैसे राज्य में कानून का राज कायम कर दिया, और सभी प्रमुखता से बुलडोजर नीति का जिक्र करते है, इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण, पिंक बूथ, पुलिस कार्य प्रणाली, तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, निवेश के नए मार्गो को प्रशस्त करना यह सब महाराज के कुशल नेतृत्व में ही संभव था, पूर्वांचल से मस्तिष्क ज्वर को समाप्त कर देना या उन महिलाओं के लिए वरदान बना जिनके नौनिहाल कम आयु में ही काल के गाल में समा जाते थे, आज उनकी दुवाए भी राज्य सरकार को मिल रही है। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में उद्यमियों के लिए ईजी डूइंग आफ बिजनेस मॉडल लाया गया, सिंगल विंडो सिस्टम, निवेश मित्र, आनलाइन आवंटन, फीडबैक ,रोजगार, विश्विद्यालयों को फैक्ट्रियों से जोड़ा गया, जिससे निवेश बढ़ा और रोजगार भी बढ़ा तथा छात्रों को अध्ययन के समय में ही तकनीकी बारीकियों का ज्ञान हुआ और उन्हे भी नौकरी पाने और खुद का उद्यम लगाने में सक्षमता मिली। प्रदेश में सभी लोगो को स्किल डेवलपमेंट, के तहत प्रशिक्षण मुहैया कराया गया और इसके तहत ही ओपी ओडी की शुरूवात भी हुई जो सफल रही। पिछले सात वर्षो में यूपी की तस्वीर बदल गई और आज अपना यूपी महाराज के कुशल नेतृत्व में नया इतिहास बनाने की ओर अग्रसर है। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया की बहुत जल्द यह पुस्तक आमजनमानस के बीच में होगी और इस पुस्तक को एक बार सभी को पढ़ना चाहिए । इसके साथ ही डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने पुस्तक लेखन में सहयोग देने हेतु सभी लोगो का आभार भी व्यक्त किया।

## मोबाइल फोन का सद्ुपयोग करें छात्र-छात्राएं : संजू सिंह

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र स्थित के दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय, सहजनवा, गोरखपुर में रविवार को उप्र.सरकार प्रवर्तित ₹स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना' अंतर्गत बीए तृतीय वर्ष उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं सहजनवा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती संजू सिंह तथा महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) कुमुद त्रिपाठी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया । तत्पश्चात महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं मोनिका सिंह एवं दिव्या यादव ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया । इसके अनंतर प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) कुमुद त्रिपाठी ने नगर पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करते हुए पूर्व छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं ।अपने उद्बोधन में सहजनवा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती संजू सिंह ने कहा कि- 'छात्र- छात्राएं मोबाइल फोन का सदुपयोग करते हुए इसे प्रत्येक प्रकार से अपने प्रगति का साधन बनाएं जिससे युवाओं हेतु प्रारंभ की गयी प्रदेश सरकार की यह योजना अपने उद्देश्यों को प्राप्त कर सके ।₹ कार्यक्रम का संचालन डॉ. तरन्नुम बानो एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक सोनी द्वारा किया गया ।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के डॉ. करुणेश त्रिपाठी, डॉ. अंकिता मद्धेशिया, डॉ. रजनी गुप्ता, श्रीमती ममता गौतम, मनीषा, अमित गोयल, पवन कुमार, अनूप कुमार, साक्षी पाण्डेय, रितिका सिंह, सुहानी सिंह, निधि यादव, आकांक्षा सिंह पटेल, सोनम पासवान, पिंकी साहनी, सकीना खातून, राम यादव, श्याम यादव, आदि लोग उपस्थित रहे।

## फूड ब्लागरों ने चखा ऐश फूड एंड बेबरेज रेस्टोरेंट के खाद्य पदार्थों को



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के बरहुआं पावर हाउस के सामने स्थित अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ऐश फूड एंड बेबरेज रेस्टोरेंट में रविवार को फूड ब्लागरों द्वारा पहुंचकर रेस्टोरेंट में बने खाद्य पदार्थों को चखते हुए सराहा गया ।रेस्टोरेंट पर बने पनीर चिली, चीज रोल, काफी, दाल मखनी, डोसा, मोमोज आदि को चखा गया। इस दौरान रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर प्रिंस चौहान ने बताया कि हमारा पहला प्रयास ग्राहकों को संतुष्ट करना है ।हमारे रेस्टोरेंट पर समानों की शुद्धता के साथ ही कम दाम की शत प्रतिशत गारंटी रहती है ।आगे बताया कि अभी हमारा प्रयास यहां वेज और नानवेज डिश के साथ ही साउथ के व्यंजनों को परोसने की तैयारी की जा रही है। प्रदेश का औद्योगिक क्षेत्र का बड़ा हब होने के कारण गीडा में होटलों और रेस्टोरेंटो की जरूरत होती है। इसी सब बातों का ध्यान रखकर ऐश रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा है। इस मौके पर तुषार त्रिपाठी, राहुल कुमार, अनुराग चार्ली, अंकित, अनीश, अनिल, हरिओम पांडेय, साक्षी, अनुष्का सिंह, अंकुर मौर्या, आकृति मिश्रा सहित दर्जनों फूड ब्लॉगर उपस्थित रहे।

## ब्लॉक प्रमुख ने नमो एप डाउनलोड कराया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत जालेपार, तिलौरा, बड़गो, में ब्लॉक प्रमुख शशी प्रताप सिंह ने कार्यक्रम आयोजित किया गांव के लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराया तथा उससे संबंधित जानकारी दी उन्होंने बताया कि नमो ऐप प्रधानमंत्री का ऑफिशियल ऐप है। इससे देश भर ने सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिलती ही है। कार्यक्रम में कुल 150 लोगों को नमो ऐप डाउनलोड कराया गया। इस दौरान प्रधान राम सिंह, प्रधान प्रतिनिधि विवेक सिंह, विजेंद्र प्रताप सिंह, कुनाल, कवि सिंह, शिवम सिंह, नीरज यादव, भीम दुबे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरतमंदो को प्रधान ने वितरित किया कम्बल



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पाली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत मिनवा के प्रधान दिनेश कुमार जयसवाल ने गरीबों में कड़ाके की ठंड को देखते हुए जहां प्रशासन गरीब और असहाय लोगो की मदद करने के लिए आगे आ रहा है। वही जिम्मेदारो को निर्देश दिए गए है कि जरूरतमंदो की हर संभव मदद करे। रविवार को कड़ाके की ठंड को देखते हुए पाली ब्लाक के ग्राम पंचायत मिनवा प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने करीब 100 जरूरतमंदो में कम्बल वितरित कर पुनित कार्य किए। इस दौरान उन्होंने कहा की गरीब और असहाय को ठंड से बचाने के लिए भरसक प्रयास कर रहे। अलाव के अलावा कंबल जरूरतमंदो को दिए जा रहे है।

## मनबढ़ों ने गिरा दी चहारदीवारी मुकदमा हुआ दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के भूपगढ़ गांव के दहियक टोला निवासी एक व्यक्ति की चाहरदीवारी गांव के ही कुछ मनबढ़ों ने गिरा दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उनके खिलाफ धारा 352 504 506 व 427 में मुकदमा दर्ज किया है। गांव के निवासी और तहसील में तैनात लेखपाल अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने तहरीर में लिखा है कि अपने घर के सामने स्थित अपनी भूमिधरी की जमीन पर चहारदीवारी का निर्माण कराया था। गांव के ही दो लोग चहारदीवारी तोड़कर रास्ते की मांग कर रहे हैं। जब इंकार किया गया तो शनिवार की देर शाम रवींद्र यादव, अमित यादव, प्रिंस यादव व विवेक यादव लाठी डंडे के साथ आकर दीवार गिराने लगे। मेरे भाई की पत्नी ने जब विरोध किया तो उन लोगों ने लाठी लेकर जान से मारने के लिए दौड़ा लिया। कमरे में छिपकर भाई की पत्नी व पुत्री ने अपनी जान बचाई। उन्होंने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में एसएचओ छत्रपाल सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे की कार्यवाही जल्द की जाएगी।

## मेरठ में चलती कार में लगी भीषण आग

- 3 लोगों ने किसी तरह कूदकर बचाई जान, दिल्ली-देहरादून हाईवे पर हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में बृहस्पतिवार शाम चलती कार में भीषण आग लग गई। कार में सवार लोगों ने किसी तरह कार से कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने टोल कर्मियों की मदद से आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। हादसे में कार पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना दौराला थाना क्षेत्र के दिल्ली-देहरादून हाईवे की है। दिल्ली की ओर से देहरादून जा रही सीएनजी की आई 10 कार में अचानक आग लग गई। इस दौरान कार मे सवार गाजियाबाद के इंद्रापुरम निवासी धैर्य यादव, रोहित और मनि लाल ने किसी तरह कार से कूदकर अपनी जान बचाई और बड़ा हादसा टल गया। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। आग की सूचना मिलने पर पुलिस, सिवाया टोल ऐम्बुलेंस पर तैनात डॉक्टर रमेशचंद्र अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और टैंकर मौके पर बुलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। हादसे के दौरान हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने घंटों की मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर ट्रैफिक को चालू कराया। थाना प्रभारी विष्णु कौशिक का कहना है कि अज्ञात कारणों से कार में आग लगने की जानकारी मिली थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने टोल कर्मियों के साथ मिलकर आग पर काबू पा लिया है। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## 14 से 22 जनवरी 2024 तक जनपद के समस्त मन्दिरों रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम का होगा आयोजन

- नगरीय क्षेत्रों में राम मन्दिर रथ, कलश यात्राओं का किया जायेगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार




अमेठी। शासन द्वारा श्रीराम मन्दिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर जनपद में उत्तरायण/मकर संक्रान्ति यानि 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक जनपद के समस्त श्रीराम मन्दिरों, हनुमान मन्दिरों एवं वाल्मीकि मन्दिरों आदि में रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कराये जाने के निर्देश दिये गये है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने सम्बन्धित अधिकारियों को उपरोक्त कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराने के निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने बताया कि महर्षि वाल्मीकि द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध रामायण महाकाव्य की रचना श्रीराम जी की जीवन गाथा पर आधारित है, इस महाकाव्य में श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यों की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है, जो वर्तमान में अत्याधिक प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण है। इस विश्व प्रसिद्ध अमृत धरोहर का संरक्षण एवं जनमानस तक इसकी जानकारी पहुँचाना हम सबका उत्तरदायित्व है। इसी क्रम में अयोध्या में बन रहे श्रीराम मन्दिर निर्माण समाज एवं देश में जन-जन तक इन्हीं संस्कारों, आदर्शो, प्राचीन परम्पराओं एवं नैतिक मूल्यों की ओर अग्रणी कदम है। श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या में मन्दिर से जनमानस का बेहद करीबी लगाव रहा है, इसी के दृष्टिगत वाल्मीकि रामायण में उल्लिखित श्रीराम जी के आदर्शो, मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर जनमानस को इस अभियान से जोड़ा जाय। इस अवसर पर मन्दिरों में दीप प्रज्ज्वलन/दीप दान के साथ-साथ रामकथा प्रवचन, अनवरत रामायण/रामचरित मानस का पाठ/सुन्दर काण्ड आदि के कार्यक्रम आयोजित किये जाये एवं नगर निकायों में संकीर्तनों का आयोजन किया जाये तथा इसमें स्थानीय भजन/कीर्तन मण्डलियों को सम्मिलित करते हुए नगरों में राम मन्दिर रथ एवं कलश यात्राओं का आयोजन किया जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम से पूर्व मन्दिरों का चयन कर लिया जाय तथा प्रत्येक आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, दरी बिछावन, ध्वनि, प्रकाश (आवश्यकता के अनुसार), सूक्ष्म जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये।

## बेखौफ चोरों ने दोना पत्तल की दुकान को बनाया निशाना, हजारों का समान किया पार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। बेखौफ चोरों ने एक दुकान में सेंध लगाकर हजारों रुपयो का समान किया पार। जानकारी होने पर दुकानदार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। माल थाना क्षेत्र के आट गढ़ी सौरा निवासी कंचन सिंह पत्नी धर्मेंद्र सिंह की थाना क्षेत्र के बरगदिया चौराहे पर गयाबक्स मार्केट में दोना पत्तल की दुकान है। रोज की तरह शाम को वह अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। रविवार सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो दुकान के अंदर का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। दुकान की पीछे की दीवार कटी होने के साथ ही अंदर रखे करीब 6 हजार रुपये कीमत के दोना पत्तल और कुछ रुपये की नगदी गायब थी। आनन- फानन उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर मिली तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी के माध्यम से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## सवारियों से भरी बस में अचानक दिखा सांप, यात्रियों में मची चीख पुकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इलेक्ट्रॉनिक चलती बस में अचानक सांप दिखने से यात्रियों में चीख पुकार मच गई ये घटना तब हुई है। जब लखनऊ दुबग्गा डिपो इलेक्ट्रॉनिक बस यूपी 32 आर एन 3193 लखनऊ से सवारियां भरकर रहीमाबाद तक जा रही थी। तभी रविवार दोपहर बाद रहीमाबाद के समीप पहुंची बस में यात्रियों को अचानक सांप दिखने से यात्रियों के होश उड़ गए। लोग अपनी जान बचाने के लिए चीखने-चिल्लाने लगे यह सुनकर ड्राइवर ने इलेक्ट्रॉनिक बस को रहीमाबाद बड़े चौराहे पर सड़क किनारे खड़ी कर दी। बस में सवार महिला बुजुर्ग बच्चे चीख पुकार करते हुए बस के नीचे उतर गए। ड्राइवर व कंडक्टर ने यात्रियों के साथ मिलकर काफी देर तक बस के नीचे ऊपर चारों तरफ सांप को ढूंढने लगे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। उसमें सवार यात्रियों ने बताया कि गनीमत रही की जहरीले सर्प ने किसी यात्री को अपना निशाना नहीं बनाया। नहीं तो कोई भी यात्री जहरीले सर्प का शिकार हो सकता था। बीते कुछ दिन पहले लखनऊ में एक इलेक्ट्रॉनिक बस में अचानक बंदर घुस आने से यात्रियों में हड़कम्प मच गया था। अब सरकारी बस भी नहीं रही यात्रियों के लिए सुरक्षित।

## मेरठ में पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़

- जवाबी कार्रवाई में 25 हजार के इनामी के पैर में लगी गोली, एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में कंकरखेड़ा थाना पुलिस और सर्विलांस टीम की 25 हजार के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश पैर में गोली लगी है। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी बदमाश के पास से एक तमंचा और बाइक बरामद की है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए भेज दिया है। बदमाश पर करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज है। पुलिस आरोपी के और आपराधिक इतिहास को खंगालने में जुट गई है। भावनपुर थाना क्षेत्र के किनापुर का रहने वाला गैंगस्टर विपिन पुत्र बल्लू दो साल से फरार चल रहा था। विपिन पर पुलिस ने 25 हजार रुपए का किया हुआ था। पुलिस आरोपी गैंगस्टर की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन आरोपी बदमाश पुलिस को चकमे देकर फरार हो जाता था। बृहस्पतिवार रात सर्विलांस की टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है। सर्विलांस टीम मुखबिर द्वारा बताए पते पर पहुंच गई और कंकरखेड़ा पुलिस के साथ आरोपी बदमाश की घेराबंदी कर उसे सरेंडर करने के लिए कहा, लेकिन तभी बदमाश ने पुलिस टीम पर गोलियां चला दी। पुलिस द्वारा जवाबी गोलाबारी में एक गोली बदमाश के पैर में जा लगी। इस दौरान बदमाश भागने का प्रयास करने लगा इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद उपचार के लिए भेज दिया। कंकर खेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि आरोपी बदमाश भावनपुर थाना क्षेत्र के गांव किनापुर का गैंगस्टर विपिन है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की काफी समय से पुलिस को तलाश थी।

## संक्षेप

### बेरी चौराहा में सार्वजनिक शौचालय न होने के कारण परेशानी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा।, हमीरपुर।कस्बा कुरारा के बेरी तिराहा में व मनकी स्टैंड में सार्वजनिक पेशाब घर न होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।लोग परेशान रहते हैं।कस्बे के बेरी तिराहा व मनकी स्टैंड में सार्वजनिक पेशाब घर न होने के कारण लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है।इस तिराहा से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगो का आवागमन रहता है। पूर्व में बेरी तिराहा में सार्वजनिक पेशाब घर बना हुआ था।लेकिन नाला निर्माण के समय इसको हटा दिया गया था। तब से दो वर्ष का समय गुजर जाने के बाद इस का निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे लोग लघुशंका के लिए इधर उधर देखते हैं।सबसे अधिक परेशानी महिला यात्रियों को हो रही है।ग्रामीण राजू सिंह, नफीस, लालाराम, आदि ने बताया कि इस तिराहे में सुबह से लेकर देर रात तक चहल पहल रहती है।तथा हमीरपुर जाने के लिए साधन मिलते हैं। कस्बा वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से सार्वजनिक पेशाब घर निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### अज्ञात कारणों के चलते अधेड़ ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। थाना क्षेत्र के लहरा गांव निवासी अधेड़ ने घर के छपपर की बल्ली में रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।मृतक के भाई से तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के लहरा गांव निवासी नेक मुहम्मद उम्र 48 वर्ष बीती रात घर के छपपर की बल्ली में रस्सी से फांसी लगा कर अज्ञात कारण के चलते आत्महत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी परिजनो को होने पर मृतक के भाई हसनु मोहम्मद ने थाना पुलिस को तहरीर दी। तब बेरी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक संगम लाल प्रजापति ने फील्ड यूनिट टीम के साथ शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वही इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# दो बच्चों को जहर खिलाकर फांसी के फंदे में लटकी मां

**मां और एक बेटे की मौत से गांव में मातम**




अमन लेखनी समाचार

औग, फतेहपुर।थाना क्षेत्र के ग्राम हरचन्दखेड़ा में रविवार को भोर पहर अपने दो बच्चों को गुड़ में जहर खिलाकर फांसी के फंदे से झूल गई एक बेटे व मां की मृत्यु होने से पूरे गांव का वातावरण मातमी हो गया, हृदय विदारक इस घटना को देखने के लिए आसपास के गांव के लोगों का सकड़ों की संख्या थाना परिसर में लोग देखे गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी बलवंत पुत्र हरीलाल की 38 वर्षीय पत्नी सरला देवी ने मवेशी बांधने की बात को लेकर सास पचीना देवी से झगड़ा हुआ जिससे आहत होकर सरला ने अपने बड़े बेटे अंश ( 12 वर्ष ) की पिटाई कर दी, फिर भी सास से काफी देर तक कहासुनी होती रही।परेशान होकर रात में सरला देवी ने गुड़ में जहर मिलाकर अपने मंझिले पुत्र अंश ( 12 वर्ष ) व पुत्री अंशी ( 8 वर्ष ) को खिला दिया लेकिन अंशी ने उसे उसे उगल दिया।उसके बाद खुद भोर पहर सरला ने रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ज्ञात हो कि सरला देवी का पति विनोदपाल पुत्र स्व0 भूरा थाना जहानाबाद के गांव पनेरुवा में 15 दिनों से मकान पुताई का काम कर रहा है। घटना की सूचना पाते ही सुबह अपने घर पहुंचा जिसने ससुराल त्रिलोकपुर थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर में सूचना दी तो मृतका के पिता हरीलाल व भाई बलवंत तथा गांव के करीब एक सैकड़ा लोग घटना स्थल पर पहुंच गए।

### मृतका के भाई ने लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

बहन के द्वारा आत्महत्या करने से आहत मृतका के भाई बलवंत ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर पति व सास के विरुद्ध प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।तहरीर में खुलासा किया गया है कि सन 2008 में विवाह के पश्चात से ही उसे प्रताड़ित किया जाने लगा था।सन 2018 में भी वादी भाई व इसकी बहन सरला देवी के साथ मारपीट की गई थी जिसका समझौता थाने में हुआ था। और फिर उसे प्रताड़ित किया गया जिससे परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली।वादी ने पति, सास, चचिया ससुर, जेठ सुरेश, पारिवारिक देवर पत्तर पाल के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया तथा मामला अक्रोशित होने पर पुलिस ने बड़ी सूझबूझ से भीड़ को अलग किया

## बंगलौर से शटरिंग मजदूर का शव पहुंचा गांव मचा कोहराम

अमन लेखनी समाचार



औंग, फतेहपुर। कल रविवार को पांच दिन बाद शटरिंग मजदूर अभिषेक पासवान पुत्र प्रदीप कुमार पासवान का शव बेंगलूर से उसके घर बड़ाहार आया। शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। ज्ञात हो कि पांच दिन पूर्व उक्त घटना सूचना पिता प्रदीप कुमार पासवान को मिली थी, तब से पूरा परिवार शोक में था। बंगलौर से रहकर रहकर नित्य भ्रम पैदा करने वाली सूचनाएं आ रही थीं। कभी वेंटीलेटर में सांस चलने की बात होती थी तो कभी मुआवजा के सम्बन्ध में। घर वाले घटना को लेकर उसी दिन से कन्फ्यूज थे।बताया जाता है कि बंगलौर के अस्पताल से वेंटीलेटर से निकालकर और कानपुर के लिए रिफर दिखाकर शव को घर तक पहुंचाया गया है।मृतक के पिता ने स्थानीय थाना में पुलिस को तहरीर दी है।पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा है।उल्लेखनीय हो कि मृतक अभिषेक रोजी रोटी कमाने के लिए मजदूरों की टोली के साथ बंगलौर गया था जहां पर 33 केवी का करेंट लगने से यह घटना हुई है। यहां के करीब 40 मजदूर बंगलौर में काम करते हैं।जिन्हें इस घटना के कारण मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

### अमौली मेला यौवन अवस्था में हजारों दर्शक कर रहे खरीदारी

अमौली, फतेहपुर, जनपद के ऐतिहासिक अमौली मेला तरुण अवस्था में पहुंच चुका है कल रविवार को मेले में भारी भीड़ देखी गई जहां मेले परिसर में मौजूद हजारों की संख्या में दर्शकों ने लोहे स्टील तांबा पीतल के बर्तनों की खरीदारी करते हुए सौंदर्य प्रसाधन खिलौने आदि खरीदे वहीं बच्चों ने चाट बतासे आइसक्रीम मिष्ठान आदि का लुफ्त उठाया मेले प्रांगण अंतर्गत लगे झूले सर्कस जादूगर समेत अन्य कई प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी है मेला कमेटी के कुशल नेतृत्व में नजदीकी थाना चांदपुर प्रभारी बच्चे लाल प्रसाद एवं चौकी प्रभारी अमौली संदीप कुमार तिवारी की अगुवाई में भारी पुलिस बल जगह-जगह मुस्तैद दिखा वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से थल सेवा के जवानों को भी जगह जगह लगाया गया है मेला प्रबंधक जगत नारायण त्रिवेदी ने बताया कि यह मेला मकर संक्रांति 15 जनवरी तक चलेगा जिसमें क्षेत्र के सभी बच्चे युवा बुजुर्ग महिला पुरुष इत्यादि खरीद दारी करते हुए दैनिक उपयोगी सामग्री को उचित मूल्य पर लेकर मेले की रौनक बढ़ाएंगे

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम सुमेरपुर के तपो भूमि अश्राम मे संपन्न हुआ



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर।मोदी सरकार की गारंटी द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत उज्जवला योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान योजना के लाभाथीयों को प्रमाणपत्र मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद जिलाध्यक्ष सुनील पाठक द्वारा भेंट किए गए और सरकार की योजनाओ के बारे मे बताते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे मे महिलाओ को मोदी सरकार ने आगे बढ़ाने का का किया कार्य क्रम में उपस्थित मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, चक्रवती शुक्ला, नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी कुलकमल यादव, धीरेंद्र शिवहरे, सुरेश दुवेदी, सिद्धार्थ सिंह, स्वामी प्रताप सिंह रामचंद्र शर्मा, आदित्य अवस्थी, संतराम गुप्ता, पुष्पराज सोनी, श्याम धुरिया, राजेश सहारा अरविंद श्रीवास्तव, कन्हैया शर्मा, अशोक सिंह, रवि गुप्ता, पुनीत गुप्ता, उमेश सिंह, करन, अंकित सिंह, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मंडल कार्यालय में संपन्न हुई बूथ सशक्तिकरण बैठक

**मतदाता चेतना महा अभियान के तहत कर्म योगियो को लाभान्वित करने के लिए पदाधिकारियों ने उठाया बेड़ा**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के भारतीय जनता पार्टी अमौली कस्बे कार्यालय में बूथ शशक्ति करण बैठक कार्यक्रम संपन्न हुआ आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता चेतना महा अभियान चलाया गया वही कार्यक्रम में पहुंची भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री रेखा मिश्रा मंडल प्रभारी शैलेंद्र सिंह एवं मंडल समन्वक डॉ राम भक्त वर्मा ने मतदाताओं को जागरुक करने हेतु लोकसभा चुनाव के बारे में अनेक गहन वाताएं की कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ पदाधिकारियों ने वर्तमान सरकार की विश्वकर्म योजना के तहत गांव क्षेत्र में काम करने वाले कर्म योगी कामगारों के नाम की सूची बनाने के लिए ग्रामीण पदाधिकारियों को प्रेरित किया उन्होंने कहा कि सूची बनने के बाद पात्र कर्मयोगियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा तथा उन्हें मंच के माध्यम से सम्मानित किया जाएगा समय-समय पर लघु उद्योग के अंतर्गत सरकार द्वारा प्रशिक्षण तथा बैंकों के ऋण उपलब्ध कराए जाएंगे इस मौके पर कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक अमौली मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता भाजपा पदाधिकारी गौरी शंकर अवस्थी सत्य प्रकाश शुक्ला देवेंद्र अवस्थी मोनू दुबे राम प्रताप सचान जननायक सिंह संजय निषाद शिवेंद्र सिंह सेक्टर प्रमुख प्रेमचंद यूनुस खान अशरफ खान समेत भारी संख्या में बूथ प्रमुख एवं पदाधिकारी मौजूद रहें

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति द्वारा उमरी गाँव में निकाली भव्य शोभायात्रा



अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, बिवांर। भाजपा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक व ब्लॉक प्रमुख वीरनारायण राजपूत ने भगवान राम की आरती कर किया यात्रा का शुभारंभ 500 वर्षों के उपरांत अयोध्या में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें प्रभु श्री रामचंद्र जी की झांकियां और मातृशक्ति ने कलश को लेकर यात्रा बांके बिहारी मंदिर से प्रारंभ कर पूरे गांव का भ्रमण किया। जय श्री राम के नारे से पूरा गाँव गूँज गया। पूरे क्षेत्र में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के प्रति बहुत ही उत्साह है।

जिसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह नीरज, सह खण्ड कार्यवाह जय हिन्द, शिवम पालीवाल ( खंड सम्पर्क प्रमुख ), लोकेंद्र सिंह ( जिला सेवा प्रमुख ),खण्ड व्यवस्था प्रमुख संजय गुरूदेव, मण्डल कार्यवाह आशीष शुक्ला, भाजपा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक, अनिल पालीवाल प्रधानाचार्य, अजय पाल सिंह, आलोक, मदन, रवि, आशीष सहित 5 सैकड़ा से अधिक राम भक्त उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में धुत पति ने पत्नी के चेहरे पर मारा हंसिया, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करगवां निवासी मौला बख्श पुत्र श्री बाबू ने बताया कि उसका पुत्र मोहम्मद फरीद शराब पीने का आदी है।बीती शनिवार की शाम वह शराब के नशे में धुत हो घर आया और पत्नी रुकसाना ( 30 ) से मुर्गा लाकर बनाने को कहा। जिस पर दोनों के बीच विवाद हो गया।जिससे आक्रोशित हो फरीद ने अपनी पत्नी के चेहरे पर हंसिये से जोरदार प्रहार कर दिया। जिससे उसका चेहरा बुरी तरह कट गया।जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया है।पीड़िता के ससुर ने घटना की लिखित शिकायत राठ कोतवाली में कर आरोपी पुत्र के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।घटना के संबंध में राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर उसे जेल भेजा जाएगा।

### शाम होते ही बड़ा सर्दी का प्रकोप

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर। रविवार को सुबह से धूप निकलने से लोगो को सर्दी से राहत मिली।वही पशुओं को भी धूप से राहत मिली वही शाम पांच बजे से सर्दी का प्रकोप बढ़ गया। आज मौसम में सुबह कोहरा न होने से धूप निकली दस बजे के बाद धूप का असर दिखाई दे रहा था। दिन में धूप निकलने से लोगो को सर्दी से राहत मिली।तथा पशुओं को भी धूप से राहत मिली।एक सप्ताह बाद धूप निकलने से लोगो को सर्दी से राहत मिली।दिन में लोगो ने धूप का आनंद लिया।

### विधायक ने कैंप लगाकर लोगों को नमो ऐप से जोड़ा

राठ,हमीरपुर। रविवार को क्षेत्रीय विधायक के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नगर के पड़ाव चौराहा में कैंप लगाकर सैकड़ो लोगों को नमो ऐप से जोड़ा। इस दौरान उन्होंने उक्त ऐप से जुड़ने से होने वाले फायदों को भी बताया है।कैंप का नेतृत्व कर रही क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने बताया कि नमो ऐप से लोगों को प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रत्येक योजनाओं की जानकारी समयबद्ध तरीके से मिलती रहेगी।जिसका फायदा उठा पिछले क्षेत्र के लोग भी इन योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक उन्नति के पद पर अग्रसर हो सकेंगे।कैंप में विधायक ने एक सैकड़ा से भी अधिक लोगों के मोबाइल में उक्त ऐप डाउनलोड कराया है। इस दौरान भाजपा नगर महामंत्री मुकेश गुप्ता व दीपू मुंशी, उपाध्यक्ष महेंद्र गांधी व उदित नारायण त्रिपाठी, संतोष अनुरागी, प्रेमचंद घुरौली, परमानंद अनुरागी,दीप्ति गुप्ता,योगेश मामा आदि मौजूद रहे।

## महिला ने चचिया ससुर पर लगाया जबरन शारीरिक शोषण करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

राठ,हमीरपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में एक वृद्ध व्यक्ति ने अपने भतीजे की पत्नी को अपनी हवस का शिकार बनाते हुए उसके साथ दुष्कर्म कर डाला। जिसपर पीड़ित महिला ने अपने पति के साथ राठ कोतवाली में आरोपी चचिया ससुर के विरुद्ध लिखित तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

राठ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने बताया कि वह अपने पति के साथ मेहनत मजदूरी कर अपनी गुजर बसर करती है। बताया कि महोबा जनपद के पनवाड़ी कस्बे में रहने वाले उसके चचिया ससुर ने बीते दिसम्बर माह में उसके पति की गैर मौजूदगी में तीन बार उसके घर में आकर उसके साथ जबरन उसका शारीरिक शोषण किया तथा किसी को भी घटना की जानकारी देने पर उसे जान से मारने की धमकी दी डाली। लोक लाज और शर्म के चलते वह कुछ दिनों तक चुप रही। जब उसने अपने पति को अपने साथ हुई घटना की पूरी बात बताई तो वह अपने पति के साथ हिम्मत कर आज राठ कोतवाली में तहरीर देने के लिए आई है।मामले में राठ कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जाँच कराई जायेगी।

### जिलाबदर व्यक्ति को अवैध तमंचे व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

चिकासी थाना के प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना चिकासी गांव निवासी एवं जिलाबदर जितेंद्र पुत्र धर्मपाल को मंगरौठ गांव से अवैध तमंचे व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम व गुंडा एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दुरखुरू को बनायेगे एक आदर्श ग्राम पंचायत – राजेंद्र अहिरवार**

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव




गरौठा,झांसी।देश भर में चलायी जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को गरौठा के ग्राम दुरखुरु पहुंची।जहां सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में एलसीडी के माध्यम से विस्तृत रूप से बताया गया तथा ग्रामीणों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश भी सुनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभान अहिरवार ब्लॉक प्रमुख बामौर व विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष गोविंद नारायण गुप्ता, गुड्डू पाठक मौजूद रहे। इस दौरान सभी विभागों ने स्टाल लगाकर विभिन्न योजनाओ के बारे में ग्रामीणों को समझाते हुये योजनाओं से वंचित लाभार्थियो का रजिस्ट्रेशन किया। तत्पश्चात गोद भराई तथा अन्नप्राशन का कार्यक्रम किया गया।इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम के दौरान खेतो में कीटनाशक दवा के छिड़काव हेतु ड्रोन प्रदर्शन भी किया गया।इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र अहिरवार ने कहा की वह अपनी ग्राम पंचायत को एक आदर्श व विकसित ग्राम पंचायत बनाने का भरसक प्रयास करेगें। इस मौके पर किशोर कुमार ग्राम विकास अधिकारी, रमा देवी ग्राम प्रधान, विनय त्रिपाठी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरपुरा,अनुज कुमार द्विवेदी ग्राम प्रधान नागर,साहब सिंह ग्राम प्रधान कचीर,भोले परिहार, पुष्पराज कोठारी सहित स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों के कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन अनंत देव शर्मा ने किया वही अंत में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र अहिरवार द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# बुजुर्ग को अज्ञात हमलावरों ने डंडे से पीटकर उतारा मौत के घाट

**मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी फारेंसिक टीम के साथ, खुलासे के लिए चार टीम गठित**




अमन लेखनी समाचार

बकेवर, फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर निवासी कल्लू पाल उम्र 65वर्षीय पुत्र महंगू पाल गांव के किनारे खेतो पर बने घर के बरामदे में सो रहे थे, शनिवार की रात अज्ञात हमलावरों ने बुजुर्ग के सिर पर डंडों से प्रहार कर हत्या को अंजाम दिया।हत्या के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए,मृतक कल्लू के सिर पर चोटो के कई निशान है, ग्रामीणों ने बताया कि कल्लू घर पर ही पान-मसाला की दुकान चलाता था। इसीबीच वही ग्रामीणों में बंटवारे को लेकर घरेलू विवाद की भी चर्चा रही। जानकारी होने पर बकेवर थानाध्यक्ष योगेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी बिंदकी सुशील कुमार द्विवेदी, एएसपी विजय शंकर मिश्रा फतेहपुर,फोरेंसिक जांच टीम के साथ मौके पर पहुंचे,जहाँ फॉरेंसिक टीम को मौके पर से खून से सना डंडा मिला।हत्या की वजह अभी स्पष्ट नही हो सकी है।जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल भी मृतक के घर पहुंच कर परिवार जनों को ढांढस बंधाया।अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। शीघ्र खुलासे के लिए चार टीमें गठित की गई है।फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## शीतलहर के चलते 10 जनवरी तक जूनियर तक के विद्यालय रहेंगे बंद - बीएसए पंकज यादव

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर, उत्तर प्रदेश के जनपद फतेहपुर में जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार पीजी से आठवीं कक्षा तक के सभी मान्यता प्राप्त व सरकारी स्कूल 10 जनवरी तक बंद रहेगे। यह जानकारी देते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद के सभी सरकारी सीबीएससी आईसीएससी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अगली 10 जनवरी तक पीजी से कक्षा 08 तक शीत लहर को देखते हुए अवकाश रहेगा। सभी विद्यालय इस निर्देश का कडाई से पालन करेंगे।आदेश का उलंघन करने वाली शिक्षण संस्थानों पर कडी कार्यवाही की जाएगी।विद्यालय चाहे तो आनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं।

## किशोरी के साथ अभद्र बातें करने वाले युवक की मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर। नगर की एक मोहल्ले में रहकर पढ़ाई करने वाली किशोरी के साथ मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा फोन पर अभद्र बातें करने पर किशोरी ने अपने मौसेरे भाई से उक्त युवक की पिटाई करवा दी। जिसका किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। घटना के बाद भी उक्त युवक अपने मित्रों के साथ बराबर फोन से किशोरी के साथ अभद्र बातें करते रहे।जिस पर आज किशोरी ने अपने पिता के साथ राठ कोतवाली पहुंचे घटना की लिखित शिकायत की है।

नगर की एक मोहल्ला में किराये से रह रही किशोरी ने बताया कि कोचिंग आई-जाते समय मोहल्ला गुलाब नगर निवासी अरुण राजपूत पुत्र जितेंद्र राजपूत अपने मित्रों के साथ उससे फोन पर अभद्र बातें करते थे। उक्त लोगों की हरकतों से अजीज आकर उसने अपने मौसेरे भाई को घटना की जानकारी देते हुए उनसे उक्त युवकों की पिटाई करवा दी।जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद भी उक्त युवक अपनी आदतों से बाज नहीं आए और किशोरी के साथ फोन पर अभद्र बातें करते रहे। जिस पर आज किशोरी ने अपने पिता के साथ राठ कोतवाली पहुंच घटना की लिखित शिकायत की है। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक के साथ मारपीट करने का वीडियो वायरल होने पर किशोरी के मौसेरे भाई व अभद्र् बातें करने वाला युवक दौनों दोषी है, जिसपर दौनों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 ( उ.प्र. ) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



एक-दूसरे से सहज संपर्क के लिए ईजाद किया गया मोबाइल फोन, अब हमारी जीवनशैली का जरूरी हिस्सा बन चुका है। इसमें मौजूद तकनीकों ने बहुत सहूलियतें दी हैं तो यह हमारे बारे में दूसरों को बहुत-सी जानकारियां भी दे सकता है। हमारे व्यवहार, मानसिकता और सामाजिक छवि के बारे में भी हमारा मोबाइल फोन बहुत कुछ बताता है।

## हमारे बारे में बहुत कुछ बताता है

# मोबाइल फोन

कवर स्टोरी / किरण भास्कर

इस समय दुनिया में कुल जितनी आबादी है, उससे करीब डेढ़ गुना ज्यादा मोबाइल फोन मौजूद हैं। एक अनुमान के मुताबिक धरती के हर कोने में, हर समय करीब चार अरब से ज्यादा मोबाइल फोन सक्रिय रहते हैं। मोबाइल फोन अब महज एक-दूसरे के साथ संपर्क का जरिया भर नहीं है बल्कि यह हर साल तीन ट्रिलियन से ज्यादा के ऑनलाइन और मोबाइल कारोबार का बुनियादी जरिया भी बन चुका है। दुनिया में हर दिन इसी मोबाइल फोन की बदौलत जहां करोड़ों दिल प्यार की डोर में बंधते हैं, वहीं लाखों लाख दिल हर दिन इसी मोबाइल के जरिए टूट भी जाते हैं। आज शासन-प्रशासन की ज्यादातर गतिविधियां भी मोबाइल फोन से ही संपन्न होती हैं। लब्बोलुआब यह कि आज मोबाइल फोन सिर्फ सूचना पाने या देने का जरिया ना होकर, यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का जरूरी हिस्सा बन चुका है।

### रिलेशन अप्रोच करता है साबित

जब तक मोबाइल फोन नहीं थे, दुनिया में सिर्फ लैंडलाइन फोन ही थे, तब तक किसी से फोन पर बात करने या ना करने की हमारे पास भरपूर छूट हुआ करती थी। मान लीजिए किसी ऐसे व्यक्ति का फोन हमारे लैंडलाइन पर आया, जिससे हम बात नहीं करना चाहते, तो किसी और से कहला दिया जाता था कि आपको जिनसे बात करनी है, फिलहाल वो यहां मौजूद नहीं हैं। लेकिन अब इस तरह की छूट लेना संभव नहीं रहा, क्योंकि भले आपका मोबाइल फोन उठाकर कोई अन्य सदस्य कॉल करने वाले से यह कह दे कि आपको जिनसे बात करनी है, वो यहां मौजूद नहीं हैं, सिर्फ उनका मोबाइल फोन यहां छूट गया है। लेकिन अब आपकी ऐसी बातों पर कोई आसानी से यकीन नहीं करेगा। भले यह सौ फीसदी सच हो, क्योंकि मोबाइल फोन का मतलब होता है, ऐसा फोन जो सिर्फ आपके पास रहता है और जिसे आप ही उठाने या ना उठाने का निर्णय करते हैं। इसलिए आज के दौर में किसी का फोन अगर कोई नहीं उठाता, तो इसका साफ संदेश होता है कि आपसे वह बात नहीं करना चाहता। पहले कई तरह के दूसरे बहानों की गुंजाइश थी, लेकिन अब नहीं रह गई है। इसलिए आज की तारीख में किसी का फोन उठाना या ना उठाना, आपके उस व्यक्ति के साथ रिश्ते अच्छे होने या ना होने का आधार माना जाता है।

### कॉलर की पहचान हुई आसान

आज की तारीख में मोबाइल फोन इसलिए एक सेंसिटिव, एटिकेट और रिलेशन का मानक बन गया है, क्योंकि आज तकनीक ने हमसे वो तमाम बहाने छीन लिए हैं, जिनकी बदौलत पहले हम यह भ्रम पाल सकते थे या किसी और से पलवा सकते थे कि वास्तव में हमें आपकी सही-सही पहचान का पता नहीं चलता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। करीब-करीब हर व्यक्ति के फोन में यह सुविधा है कि जब कोई फोन आ रहा हो



तो साफ पता चल सके कि फोन कौन व्यक्ति कर रहा है। जिन्हें अभी यह सुविधा उपलब्ध नहीं है या जो इसका उपयोग नहीं करते, उन्हें भी कम से कम इतना तो पता चल ही जाता है कि फोन कौन कर रहा है? अगर उसका फोन नंबर आपके मोबाइल में मौजूद है या उससे नियमित बात होती है तो।



### लोकेशन भी बताता है फोन

अब तो कई ऐसी नई तकनीकें भी आ चुकी हैं, जिनके कारण लोगों का यह बहाना भी छिन गया है, जिसमें वे होते कहीं और थे, जबकि बताते कहीं और थे। इससे उन्हें बात ना करने की छूट मिल जाती थी। आज बहुत मामूली भुगतान पर ऐसे तकनीकी एप मौजूद हैं, जो आपको बताते हैं कि फोन करने वाला व्यक्ति कहां से फोन कर रहा है? यानी कॉलर की प्रेजेंट लोकेशन क्या है? इसलिए आप दिल्ली में बैठे हुए किसी व्यक्ति से यह नहीं कह सकते कि मैं मुंबई में हूं। बेहतर यही है कि मोबाइल से बात करते समय अपनी लोकेशन के बारे में सच ना छुपाएं।

यहां जिक्र की गई क्वालिटीज के अलावा भी फोन की तकनीक ने हमारी जिंदगी के बहुत सारी परतों को सबके सामने खोलकर रख दिया है। कुल मिलाकर कहने की बात यह है कि आज रोजमर्रा की जिंदगी में फोन हमारी जीवनशैली और रोजगार से लेकर भावनाओं के कारोबार तक का जरिया बन चुका है, इसलिए फोन का बहुत सटीक और जितना हो सके ईमानदार उपयोग करें, वरना आपकी सालों की बनी-बनाई इमेज को मोबाइल फोन पलक झपकने की देरी में डैमेज कर सकता है। *

### फॉलो करें मोबाइल एटिकेट्स

**मोबाइल फोन** के पर्सनल यूज में सावधानियों के साथ शिष्टता का बर्ताव करते हुए कुछ प्रैक्टिकल टिप्स को भी याद रखना चाहिए।




- जब भी किसी क्लोज फ्रेंड या रिलेटिव से पब्लिक प्लेस या वर्कप्लेस पर बात करें तो उसके फोन को स्पीकर पर ना डालें। इससे फोन करने वाले को इंसल्ट महसूस होती है। उसे लगता है उसकी बातें दूसरे ऐसे लोग भी सुन रहे हैं, जिनको नहीं सुनना चाहिए, फिर चाहे भले ऐसा ना हो रहा हो।
- फोन से बात करते हुए कभी भी अपनी आवाज बहुत तेज ना करें। कोशिश करें कि किसी सार्वजनिक जगह पर फोन से तभी बात करें, जब आपके आस-पास 4-5 फीट तक कोई ना खड़ा हो।
- वो दिन बीत गए जब लोग धड़ल्ले से दूसरों का लैंडलाइन फोन इस्तेमाल किया करते थे। मोबाइल के दौर में दूसरे के फोन के इस्तेमाल की कोशिश ना करें। यदि मजबूरी में ऐसा करना हो तो बिना परमिशन ऐसा ना करें।
- अगर आप किसी मीटिंग या पब्लिक प्लेस पर हैं और बात नहीं कर सकते तो कॉल करने वाले को मैसेज से सूचना जरूर दे दें कि बाद में आप कॉल करेंगे। *

## डिजिटल संवाद का

# पसंदीदा सिंबल इमोजी

व्हाट्सअप, मैसेंजर, एसएमएस, ई-मेल, फेसबुक या ट्विटर, सोशल मीडिया या डिजिटल कम्युनिकेशन का कोई भी ऐसा प्लेटफॉर्म नहीं है, जहां इन दिनों इमोजी का जमकर इस्तेमाल ना हो रहा हो। सच यही है कि आज की डिजिटल होती लाइफस्टाइल में इमोजी पूरी तरह फिट हो गई है।



टेक्नोलाइफ / लोकमित्र गौतम

आज के दौर में पूरी दुनिया में लोग एक-दूसरे को जो डिजिटल मैसेज भेजते हैं, उनमें शायद ही किसी भी भाषा का कोई शब्द इतना ज्यादा इस्तेमाल होता हो, जितनी ज्यादा इमोजी का इस्तेमाल होता है। जी हां, वही छोटी-छोटी आकृतियां जिन्हें स्माइली भी कहा जाता है। दुनिया भर में हर दिन लोग आपस में डिजिटल संवाद करते हुए 6 बिलियन से ज्यादा बार इमोजियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसा होना स्वाभाविक है, क्योंकि इमोजीज, डिजिटल संवाद को नए अर्थ ही नहीं, नए आयाम भी देती है। दरअसल, जब हम मन में उमड़-घुमड़ रहे असीमित भावों को शब्दों में व्यक्त कर पाने में असमर्थता महसूस करते हैं, तो ये छोटी-छोटी डिजिटल सिंबल्स हमारे बहुत काम आती हैं।



**कहां से आई इमोजी:** इमोजी, जापानी भाषा का शब्द है, जिसका मतलब होता है, चित्राक्षर। इ का मतलब होता है- चित्र और मोजी का मतलब अक्षर या वर्ण। इसे एक छोटी डिजिटल इमेज या आइकन भी कहा जा सकता है। इसका विकास साल 1997 में एक जापानी कलाकार शिगेताका कूरिता ने किया था। शिगेताका पेशे से इंजीनियर नहीं, अर्थशास्त्र से स्नातक थे और टेलीकॉम कंपनी डोकोमो में काम करते थे। उन्होंने ही पहली बार 176 इमोजी बनाए थे, जो दुनिया में इमोजीज का पहला सेट माना जाता है। इसमें 11X12 ग्रिड पर फिक्सेलेटिड रंगीन कार्प, सिलाई जैसे डिजाइन प्रस्तुत किए गए थे। इसके लिए सड़क संकेतों और चीनी अक्षरों से बनने वाले संकेतों का भी सहारा लिया गया था। इसका उद्देश्य उस जमाने में सेलफोन पर एक सीमित टेक्स्ट को असीमित आयाम देना था, क्योंकि उन दिनों 250 अक्षरों (कैरेक्टर्स) में ही अपना संदेश लिखने की बाध्यता होती थी। इस सीमा में रह कर अपने सीमित संदेश को कैसे असीमित आकार दें, इमोजी के संकेताक्षरों की खोज इसी उद्देश्य के लिए हुई थी।

**यंगस्टर्स ने बढ़ाई पॉपुलैरिटी:** वैसे कम्युनिकेशन में इमोजी का अस्तित्व पिछली सदी में ही अपनी जगह बना चुका था, लेकिन इसकी लोकप्रियता में उफान मौजूदा सदी के साल 2011 में तब आया, जब इसने धीरे-धीरे युवाओं को आपसी संवाद की भाषा में अपने इस्तेमाल के लिए आकर्षित किया। चार साल बाद सन् 2015 में 'ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी' ने इमोजी शब्द को अपने यहां जगह दी, जिस कारण इसे एक विश्वव्यापी परिभाषा मिली। ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी में इमोजी के लिए लिखा गया, 'फेस विद टीयर्स ऑफ जॉय।' इमोजी के बारे में अगर कहा जाए कि यह डिजिटल जनरेशन की सबसे पसंदीदा भाषा है, और पूरी दुनिया में इसकी एक जैसी वर्तनी और एक जैसी अभिव्यक्ति है, तो इसमें जरा भी अतिश्योक्ति नहीं होगी। यही वजह है कि बिना किसी प्रचार या प्रयास के भी आज हर दिन पूरी दुनिया में 6 बिलियन से ज्यादा इमोजीज का लोग आपसी संवाद में इस्तेमाल करते हैं। यह दुनिया की पहली ऐसी डिजिटल भाषा है, जो इस्तेमाल तो इमेज के रूप में होती है, लेकिन दिमाग में उसके भाव शब्दों के रूप में अर्थ पाते हैं। जून 2018 तक यूनिकोड 1,823 इमोजी को पहचानता था, जिनकी संख्या आज की तारीख में (यूनिकोड वर्जन 15.0 में) बढ़कर 3,664 हो चुकी है। यह चित्रमय भाषा दुनिया को, विशेषकर युवाओं को इस कदर आकर्षित कर रही है कि पिछले तीन सालों में इसका 775 प्रतिशत इस्तेमाल बढ़ा है। एक अनुमान के मुताबिक दुनिया भर में 92 प्रतिशत से ज्यादा मिलेनियल्स यानी, जिनका जन्म 21वीं में हुआ है, इसका प्रयोग करते हैं।

**हर एज के लोग करते हैं यूज:** 'एप बाय' नामक एक एप ने अपने सर्वे के जरिए यह निष्कर्ष निकाला है कि इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले 78 फीसदी से ज्यादा लोग अपने टेक्स्ट मैसेजों में इमोजी का इस्तेमाल करते हैं। सबसे ज्यादा अपने लिखित संदेशों में इमोजी का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं की उम्र 44 साल से कम होती है। जबकि 45 साल और उसके अधिक उम्र के लोग इनके इस्तेमाल को लेकर थोड़े उदासीन होते हैं, फिर भी 24 फीसदी इस उम्र के लोग भी इनका इस्तेमाल खूब करते हैं। *

गजल / डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग'

## झूठ के बाजार में

झूठ के बाजार में शाइस्तगी चलती नहीं
चापलूसी होती है पर मुफलिसी चलती नहीं
पेट की खातिर जलाना पड़ता खुद को रात-दिन
इश्क करने से किसी की जिंदगी चलती नहीं
वक्त आ जाए बुरा तो आगे बढ़कर जीस्त में
जूझना पड़ता है हरदम बुजदिली चलती नहीं
लोग मिलते हैं जहां में खुद-परस्ती के लिए
आजकल राहे वफा में दोस्ती चलती नहीं
दूर जाना पड़ता है सबको अकेले एक दिन
आसमां चलता नहीं ये सरजमीं चलती नहीं
शौक से जलता है परवाना शमा के सामने
बेखुदी के हाल में आवारगी चलती नहीं
रंज वो ही पालते हैं, जिनके मन में खोट है
हो खुलूसे दिल अगर तो दुश्मनी चलती नहीं




भाव श्रद्धा का न हो तो बंदगी किस काम की
आस्था के नाम पर दीवानगी चलती नहीं
सहना पड़ता है चमन का दर्द गुल के वास्ते
सिर्फ लफ्फाजी से 'नवरंग' शायरी चलती नहीं

पुस्तक चर्चा / सरस्वती रमेश

## स्त्री जीवन की कहानियां

बेटी को भले ही पराया धन माना जाता है लेकिन ब्याह के बाद भी एक बेटी अपने बाबुल को कभी पराया नहीं समझती। ताउम्र वह अपने मायके की खुशहाली के जतन में लगी रहती है। किसी कारणवश ब्याही बेटी को अगर मायके लौटना पड़े तो वह अपने ही घर मे बोझ बन जाती है। जलालत और रोज-रोज का क्लेश उसके जीवन का अंग बन जाता है। कुछ ऐसी ही बेटियों की संवेदनाओं और संघर्षों को बयां करती कहानियों का संग्रह है 'बाबुल और अन्य कहानियां।'




इस संग्रह में कुल दस कहानियां हैं। अधिकतर कहानियों में नायिकाएं बेटियां हैं। ये ऐसी बेटियां हैं, जो ससुराल से मायके में लौटते ही अपनों की आंखों की किरकिरी बन जाती हैं, फिर भी अपनी जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटती हैं। 'तारनहार', 'बाबुल', 'सजा' ऐसी ही बेटियों की कहानियां हैं। 'सजा' कहानी में नायिका को मिले कष्टों के साथ रिश्तों की बेमानी होने की पीड़ा को भी महसूस कर सकते हैं।

'छलावा' चालीस पार की एक स्त्री के प्रेम में पड़ने की कहानी है। लेखिका ने बड़ी बारीकी से नायिका के एहसासों को उकेरा है। 'कीमत' एक भुतहे घर की कीमत लगने की रोमांचक कहानी है। कहानियों की भाषा सहज-सरल है। यही वजह है कि पाठक इनसे सहज ही जुड़ जाता है। असल में ये ऐसी कहानियां हैं, जिनके कथानक हम अपने घर, परिवार, पड़ोस या रिश्तेदारी में देख सकते हैं। *

लघुकथाएं

## अनमोल अमानत

तन्मय बदहवास-सा भागता हुआ रद्दी का सामान लेने वाले मंगतलाल की दुकान पर आया। वह हांफ रहा था। सांसों को संभालते हुए तन्मय बोला, 'मेरे घर से अभी अभी रद्दी लेकर तुम्हीं आए थे ना चाचा। उसमें एक साड़ी थी, बहुत पुरानी। पत्नी ने गलती से रद्दी के सामान के साथ तुम्हें बेच दी है चाचा। उससे बहुत बड़ी भूल हो गई। मैं घर में होता तो बिना जांचे तुम्हें रद्दी का सामान नहीं बेचता। असल में मैं बाजार चला गया था कुछ सामान लाने।'

तन्मय की आवाज में अपनी अमानत को लेकर गहरी चिंता थी।



मंगतलाल किसी की आई हुई रद्दी तौल रहा था। रद्दी तराजू पर चढ़ाते हुए बोला, 'बहुत कीमती साड़ी थी क्या बेटा? उसमें सोना-चांदी तो नहीं जड़ा था?'

'नहीं सोना-चांदी तो नहीं जड़ा था। तांत की सफेद साड़ी थी। साइड में ब्लू रंग का बॉर्डर था।' तन्मय ने बताया। मंगतलाल कुछ नहीं बोला।

तन्मय ने आतुरता से पूछा, 'हमारे घर से जो रद्दी लाए थे, कहां रखी है आपने चाचा?'

मंगतलाल ने इशारे से बताया, 'वो देखो कोने में रखी हुई है, सफेद वाले बोरे में।' तन्मय तेजी से बोरे के पास गया, उसे खोलकर रद्दी खंगालने लगा। बोरे में नीचे सफेद साड़ी झांक रही थी। तन्मय की खुशी का ठिकाना ना रहा। वह खुशी से बोला, 'मंगत चाचा, मिल गई साड़ी!' मंगतलाल ने साड़ी को हाथ में लेकर देखा। सफेद रंग की साड़ी जगह-जगह से फटी हुई थी। मन ही मन उसने सोचा इसके तो कोई पांच रुपए भी ना देता। मंगतलाल मजाक में बोला, 'बेटा, पांच सौ रुपए लगेंगे इस साड़ी के।'

तन्मय ने झट से बटुए से पांच सौ रुपए का नोट निकाल कर मंगतलाल के हाथ पर रख दिया और बोला, 'चाचा, आपने बहुत कम पैसे इस साड़ी के मांगे हैं। अगर आपने पांच हजार रुपए भी मांगे होते तो मैं खुशी-खुशी दे देता। यह मेरी मां की आखिरी निशानी है।' तन्मय साड़ी लेकर आगे बढ़ने को हुआ तो मंगतलाल ने टोका, 'सुनो बेटा, मैंने अभी बहू को रद्दी के पैसे दिए नहीं हैं। सोचा था दोपहर जाकर दे आऊंगा। यह पांच सौ रुपए का नोट वापस रख लो। बड़ी अजीब बात है, कोई इतनी मामूली चीज के पांच सौ रुपए देने को तैयार है!'

'आपके लिए यह मामूली होगी मंगत चाचा। मेरे लिए तो यह अनमोल अमानत है। मेरी मां की आखिरी निशानी है यह साड़ी।' यह कहते हुए तन्मय की आंखें छलक आई थीं। *

-महेश कुमार केशरी

## पहचान

यह जनवरी की एक मखमली दोपहर थी। माहौल में शोखियां उरूज पर थीं। प्रदेश की कला अकादमी आज चित्रकार उमा को एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित कर रही थी। उमा की सहेलियां तो उससे भी पहले सभा स्थल पर आ गई थीं। आती भी कैसे नहीं, उनकी सहेली उमा के साथ उन्हें भी तो उस समारोह की शोभा बनना था।

जब उमा की वह कलाकृति लगाई गई, जिसके लिए पुरस्कार मिलना था तो उसको देखकर सखियां हतप्रभ रह गईं। सखियों ने एक ही बार में पहचान लिया था कि कलाकृति में जो उदास-हताश बच्चे दिख रहे हैं, वह उमा की पुरानी काम वाली बाई के हैं। उमा ने अपनी कृति में गरीब बच्चों की पीड़ा को उकेरा था, जिसे देखकर किसी का भी हृदय द्रवित हो सकता था।



तभी समूचा हाल ताली की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। उमा को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। उसके लिए बधाई और शुभकामनाओं की बरसात होने लगी। लौटते समय एक सहेली ने उमा से कहा, 'लेकिन उमा ये बच्चे तो अब बहुत ही अच्छे एथलीट हैं, स्कॉलरशिप भी पा रहे हैं। इस तरह उनकी अनुमति के बगैर उनका चित्र बनाकर तुमने गलत तो नहीं किया?'

'अरे, जाने दो यार, मेरे टुकड़ों पर पलते थे वे बच्चे। आज वो कौन-सा खुद को पहचान लेंगे।' कहकर उमा ने अपनी अवार्ड ट्रॉफी को गौरव-भाव से चूम लिया। *

-हरीश चंद्र पांडे

## स्नेह

अमन बहुत दिनों से नोटिस कर रहा था कि उसके घर के पास काम करने वाला एक बुजुर्ग उसे घूरता रहता था। जब भी अमन वहां से गुजरता, वह बुजुर्ग उसे ध्यान से देखता रहता। कभी-कभी तो वह अमन को देखकर मुस्कुरा भी देता। अमन को लगता कि कहीं यह बुजुर्ग कोई चोर-उचक्का तो नहीं है, जो उस पर नजर बनाए हुए है। अवसर पाकर उसको लूट लेगा। लेकिन उसकी उम्र को देखकर नहीं लगता था कि वह ऐसा कुछ करेगा। फिर भी अमन को अजीब-सा डर सताए रहता था।

एक दिन अमन ऑफिस के लिए निकल रहा था। वह बुजुर्ग उसे



फिर दिखाई दे गया। आज भी वह अमन को एकटक देखे जा रहा था। उसने अमन को देखकर हल्की मुस्कान भी छोड़ी। अमन से रहा नहीं गया। वह उस बुजुर्ग के पास गया और कड़े शब्दों में पूछा, 'क्या आप मुझे जानते हैं? मुझे आप यूं घूरते क्यों हैं? आप दिमागी रूप से ठीक हैं ना?'

अमन की बातों को सुनकर बुजुर्ग थोड़ा हड़बड़ा गया। उसे जवाब देते नहीं बन पा रहा था। लेकिन वह बड़ी हिम्मत करके आहिस्ता से बोला, 'बेटा, मैं तो तुम्हें देखकर अपने बेटे को याद कर लेता हूं। वह अब तुम्हारी तरह जवान हो गया होगा। वह बारह साल पहले मुंबई कमाई करने गया था, तब से घर नहीं लौटा। पता नहीं कहां गायब हो गया? मैं यहां अपने गांव से बहुत दूर आकर मजदूरी कर अपना और अपनी पत्नी का किसी तरह पेट पाल रहा हूं। सात साल से घर नहीं गया। तुम्हें देखता हूं तो उसकी याद आ जाती है। तुम्हें देखकर मन को बहला लेता हूं कि वह भी तुम्हारी ही तरह दिखता होगा।' बुजुर्ग की बातें सुनकर अमन की आंखें भीग गईं। उसे अपनी सोच पर पछतावा हुआ। बुजुर्ग की आत्मीयता ने उसे अंदर तक स्नेह से भर दिया। *

-ललित शौर्य